संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 113 रविवार 23 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### डीसी के सरकारी आवास में चोरी

» फूले पुलिस अफसरों के हाथ-पांव,
» तालाब में खोजबीन



**बोकारो,22 फरवरी 2025 (ए)।** झारखंड के बोकारो में चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां जिले की उपायुक्त के आवास से कैश और कीमती गहने चोरी हो गए। मामला सामने आते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। चोरी का शक महिला कर्मी पर है। उससे पूछताछ की गई तो चोरी का सामान तालाब में छिपाने की बात कबूली. इसके बाद पुलिस गोताखोरों की मदद से चोरी हुए सामान की तलाश में जुटी है।

### गाजर का हलवा खाकर 20 से ज्यादा लोग बीमार



#### आने लगे चक्कर,मचा हड़कंप

**अमरोहा,22 फरवरी 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में बीती रात गाजर का हलवा खाने से 50 लोग बीमार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, सूचना लगते ही मौके पर खाद्य विभाग की टीम भी पहुंच गई और सैंपल लेकर जांच को भेजा हालांकि, गनीमत यह रही है कि सब को समय पर इलाज मिल गया और जान बच गई।

### महाकुंभ को लेकर अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर यूपी पुलिस का एक्शन



**प्रयागराज,22 फरवरी 2025 (ए)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यहां राज्य सरकार और मेला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की गई है। लेकिन, कुछ लोग सोशल मीडिया पर चंद व्यूज पाने के लिए अफवाह फैला रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ यूपी पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

### आरजेडी नेता तेजस्वी यादव चुनाव आयोग पर भड़के, भाजपा का चीयरलीडर बताया

**पटना,22 फरवरी 2025 (ए)।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर भड़कते हुए कहा कि आयोग संविधान और लोकतंत्र के कैंसर की तरह काम कर रहा है। चुनाव आयोग भाजपा का चीयरलीडर बन चुका है। उसे बिहार में जब चुनाव कराना है, कराए। हम लोग तैयार हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार की जनता इस बार नई सरकार चाहती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थक चुके हैं। अब वह पकड़ौआ मुख्यमंत्री हो चुके हैं। बिहार में चंद अधिकारी सरकार चला रहे हैं। अफसरशाही चरम सीमा पर है।



### मेरठ में 168 साल पुरानी मस्जिद को प्रशासन ने किया ध्वस्त



#### बताया सहमति से हटाया गया

**मेरठ,22 फरवरी 2025 (ए)।** मेरठ में 168 साल पुरानी एक ऐतिहासिक मस्जिद को प्रशासन ने आधी रात को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह मस्जिद दिल्ली रोड पर सर्विस लेन पर स्थित थी और मेट्रो तथा रैपिड रेल कॉरिडोर के बीच में आ रही थी।

# बीबीसी इंडिया पर ईडी ने कसा शिंकजा

## विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के मामले मेंबीबीसी इंडिया पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025 (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन के मामले में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, उस समय कंपनी के संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे तीनों निदेशकों पर भी 1.14 करोड़ रुपये की अलग-अलग पेनाल्टी लगाई गई है।

### कारण बताओ नोटिस के बाद भी जवाब नहीं

ईडी ने 4 अक्टूबर 2023 को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया और उसके निदेशकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। लेकिन वे विदेशी निवेश की सीमा के उल्लंघन पर संतोषजनक जवाब देने में असफल रहे।

### बीबीसी की प्रतिक्रिया

बीबीसी के प्रवक्ता ने दिए बयान में कहा, फिलहाल न तो बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया और न ही उसके निदेशकों को श्चष्ठ से कोई औपचारिक आदेश प्राप्त हुआ है। बीबीसी उन सभी देशों के नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां वह काम करता है। आदेश मिलते ही हम उसकी समीक्षा करेंगे और उचित कदम उठाएंगे।







### विदेशी निवेश नियमों का उल्लंघन

बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर डिजिटल मीडिया में 26 प्रतिशत विदेशी निवेश की सीमा तय किए जाने के बावजूद 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखने का आरोप है। ईडी द्वारा 21 फरवरी को जारी आदेश के अनुसार, यदि कंपनी समय पर पेनाल्टी जमा नहीं करती है, तो उसे प्रति दिन 5,000 रुपये अतिरिक्त जुर्माना देना होगा। यह राशि 15 अक्टूबर 2021 से लागू मानी जाएगी।

### जानबूझकर नियमों की अनदेखी

सितंबर 2019 में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश की सीमा 26 प्रतिशत तक निर्धारित करने का आदेश जारी किया था। कंपनियों को इस नियम के तहत अपने निवेश को 15 अक्टूबर 2021 तक 26 प्रतिशत तक सीमित करने का समय दिया गया था। हालांकि, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया के निदेशकों ने जानबूझकर इस नियम की अनदेखी की और 100 प्रतिशत विदेशी निवेश जारी रखा।

### जुर्माने के साथ निदेशक भी निशाने पर

ईडी के आदेश के मुताबिक, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया को 3.44 करोड़ रुपये की पेनाल्टी के साथ, 15 अक्टूबर 2021 के बाद से प्रति दिन 5,000 रुपये अतिरिक्त जुर्माना भी भरना होगा। इस मामले में गिल्स एंटनी हंट, इंदु शेखर सिन्हा और पाल मिशेल गिबन्स को नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है, जिसके चलते उन पर व्यक्तिगत पेनाल्टी भी लगाई गई है।



## 24 फरवरी से दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू

### 70 नवनिर्वाचित विधायक लेंगे शपथ

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025 (ए)।** हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले सभी 70 नवनिर्वाचित विधायक 24 फरवरी से शुरू हो रही दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। यह सत्र 24 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगी। तीन दिवसीय सत्र में विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। 24 फरवरी (सोमवार) को सुबह 11 बजे नई विधानसभा का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ दिलाएंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। जब तक विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता, वह प्रोटेम स्पीकर के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे। 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे विधानसभा स्पीकर का चुनाव किया जाएगा। 25 फरवरी को विधानसभा के इस सत्र में उपराज्यपाल वीके सक्सेना का अभिभाषण होगा। इसके बाद विधानसभा के पटल पर सीएजी रिपोर्ट रखी जाएगी।



### मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त हुए शक्तिकांता दास

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025 (ए)।** शक्तिकांता दास पीएम मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त हुए। शक्तिकांत दास (जन्म 26 फरवरी 1957) एक भारतीय नौकरशाह अधिकारी हैं, जिन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर के रूप में कार्य किया। वे पहले पंद्रहवें वित्त आयोग के सदस्य और जी 20 में भारत के शेरपा थे। दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं ।

## राजस्थान भाजपा की कमान फिर मदन राठौड़ के हाथों में

### 7 महीने में दोबारा बने प्रदेशाध्यक्ष,चुनाव प्रभारी विजय रुपाणी ने की घोषणा

**जयपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक बार फिर मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। महज सात महीने के अंतराल में यह दूसरा मौका है जब राठौड़ को पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश की कमान सौंपी है। उनकी नियुक्ति की घोषणा मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री की मौजूदगी में की गई, जिससे इस फैसले का राजनीतिक महत्व और भी बढ़ गया है। मदन राठौड़ की दोबारा नियुक्ति को आगामी चुनावों के मद्देनजर एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में भाजपा राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करेगी। राठौड़ के पिछले कार्यकाल में संगठनात्मक मजबूती और चुनावी तैयारियों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।



## केरल में राजनीति गरमाई



### प्रियंका गाँधी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**वायनाड,22 फरवरी 2025 (ए)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) की महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर मानव-वन्यजीव संघर्ष में मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देने में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। यह पत्र उन्होंने पीड़ितों के परिजनों द्वारा प्राप्त याचिकाओं के आधार पर लिखा है।

## पति की हर क्रूरता के लिए दहेज का केस लगाना सही नहीं : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025 (ए)।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दहेज की मांग भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत क्रूरता का अपराध गठित करने के लिए पूर्व शर्त नहीं है। यह धारा 1983 में विवाहित महिलाओं को पति और ससुराल वालों से बचाने के लिए लागू की गई थी।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने 12 दिसंबर, 2024 को कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए का सार क्रूरता के कृत्य में निहित है और दोषी पतियों और ससुराल वालों के खिलाफ इस प्रावधान को लागू करने के लिए दहेज की मांग आवश्यक नहीं है।पीठ ने कहा, इसलिए, दहेज की मांग से स्वतंत्र क्रूरता का कोई भी रूप, भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के प्रावधानों को आकर्षित करने और कानून के तहत अपराध को दंडनीय बनाने के लिए पर्याप्त है।



### ओडिशा में विद्युत पोल से टकराई चेन्नई एक्सप्रेस

**बालासोर,22 फरवरी 2025 (ए)।** ओडिशा के बालासोर जिले में शनिवार (22 फरवरी) को फिर एक ट्रेन हादसा हो गया। यहां के एक एक्सप्रेस ट्रेन बिजली के खंभे से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। हादसे में अभी किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन हादसे के चलते इस रूट पर रेल आवागमन ब्लाक हो गया है।

## फूहड़पन बर्दाश्त नहीं होगी



### सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के कंटेंट पर चाबुक चलाने की तैयारी में सरकार

**मुंबई,22 फरवरी 2025 (ए)।** कामेडी के नाम पर फूहड़पन बर्दाश्त नहीं करेगी केंद्र सरकार और इसके लिए कड़े कदम उठाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। रणवीर इलाहाबदिया के बेहूदा कमेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद केंद्र सरकार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने की तैयारी में है। इसका पालन 5 से 50 लाख वाले फॉलोअर्स वाले इंफ्लूएंसर्स को करना होगा, ताकि भविष्य में इंडियाज गॉट लेटेंट जैसे शो से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत न हो, साथ ही इंफ्लूएंसर्स को कंटेंट की रेटिंग भी देना अनिवार्य होगा। हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से जारी नोटिस में कहा गया, सांसदों, विभिन्न वैधानिक संगठनों और आम जनता से ओटीटी प्लेटफॉर्म्स व सोशल मीडिया पर अश्लील, अशिष्ट और अभद्र कंटेंट के प्रसार को लेकर शिकायतें मिली हैं। नैतिक संहिता के तहत ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ऐसे किसी भी कंटेंट को पब्लिश करने की अनुमति नहीं है, जो कानून के तहत निषिद्ध हो।

## पिता बेटी से मुलाकात करेंगे



### मुख्य चुनाव आयुक्त करेंगे कासगंज का दौरा,बेटी है वहां डीएम

**कासगंज,22 फरवरी 2025 (ए)।** देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान वह चुनाव आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम के लिए कासगंज में ही रुकेंगे। यह दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि कासगंज की जिलाधिकारी मेधा रूपम, जो कि स्वयं एक आईएएस अधिकारी हैं, मुख्य चुनाव आयुक्त की बेटी हैं।



### पुराने मामले में बॉलीवुड एक्टर को ठहराया दोषी

**मुंबई,22 फरवरी 2025 (ए)।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। मुंबई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को 20 साल पुराने एक मामले में उन्हें दोषी ठहराया है। यह मामला साल 2005 का है,जब पंचोली ने पार्किंग को लेकर अपने पड़ोसी प्रतीक पशीने के साथ हाथापाई की थी। इस घटना में पशीने के नाक में फ्रैक्चर आ गया था, जिसके बाद मामला कोर्ट पहुंचा।

## सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों पर लगाया जुर्माना



**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने 18 फरवरी को आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल,असम और केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली,दमन और दीव,जम्मू और कश्मीर, लद्दाख,लक्षद्वीप पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 के प्रभावी कार्यान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की। कोर्ट ने अब इन्हें दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है और प्रत्येक राज्य को यह राशि सुप्रीम कोर्ट मध्यस्थता केंद्र में जमा करने का निर्देश दिया है।

## संपादकीय

## जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिकारियों के जेहन

सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर वरिष्ठों के बर्ताव को लेकर बड़ा फैसला दिया है। कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की डांट-फटकार को इरादतन किया गया अपमान नहीं माना जा सकता, जिस पर आपराधिक कार्यवाही की जरूरत हो। ऐसे मामलों में व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पीठ ने कहा महज गाली-गलौच,असभ्यता व अशिष्टता भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत आदतन किया गया अपमान नहीं है। यह धारा शांति भंग करने के इरादे से जान-बूझकर अपमान करने से संबंधित है, जिसमें दो साल की सजा का प्रावधान है।मामले में राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान के कार्यवाहक निदेशक पर सहायक प्रोफसर को अपमानित करने का आरोप था। शिकायतकर्ता के अनुसार निदेशक ने अन्य कर्मचारियों के समक्ष डांटा व फटकारा था। यह सच है कि कार्यस्थल से संबंधित अनुशासन और कर्तव्यों के निर्वहन से जुड़ी फटकार, जो व्यक्ति कार्यस्थल पर प्रबंधन करता है, वह अधीनस्थों से अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा व समर्पण से पूरी करने की उम्मीद करेगा।हालांकि स्पष्ट तौर पर देखने में आता है कि अनुशासन के नाम पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों के साथ संतुलित बर्ताव का अभाव नजर आता है। लहजा गलत हो भी तो नीयत बुरी नहीं होनी चाहिए,परंतु इस बारीक अंतर को समझना या समझा पाना भी आसान नहीं है। सेना के सख्त अनुशासन के दरम्यान कई बार ऐसी खबरें आती रहती हैं, जहां नीचे के ओहदे के सैनिक द्वारा अपने अधिकारी की हत्या तक कर दी गई।तय रूप से काम का दबाव, उच्च दर्ज़े की तामील, पाबंदियां और तय वक्त पर जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिकारियों के जेहन पर खासा दबाव बनाते हैं। वे भी तनावग्रस्त या काम के बोझ के चलते सामान्य बर्ताव करने से चूक सकते हैं। यहां बात सिर्फ उच्चाधिकारियों या कनिष्ठों तक ही सीमित नहीं है।कार्य-स्थल पर अभद्र भाषा या गाली-गलौच करने वाले अशिष्ट अधिकारियों के बर्ताव को लेकर भी कर्मचारी क्षुब्ध रहते हैं। ज्यों कार्यस्थल पर महिलाओं के खिलाफ होने वाले उत्पीडऩ व अभद्र बर्ताव को लेकर कानून बनाए गए हैं। वैसे ही समस्त कर्मचारियों के हित में भी व्यवहारगत संहिता लागू किए जाने की जरूरत है। मानवता कहती है, ओहदे ऊपर-नीचे होने से दोयम बर्ताव करने का हक किसी को नहीं दिया जा सकता। यह नियम मालिकान व मुलाजिम पर भी लागू होता है।

# आशाओं के अनंत आकाश में जीवन के प्रगति सोपान



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

## जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु



तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक,पारिवारिक,धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा,संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी,यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क,सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रू प से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद,पुराण,उपनिषद, गीता,रामायण,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक,धार्मिक,राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# स्ट्रीट मैथ्स और स्कूल मैथ्स के बीच बड़ा अंतर



विजय गर्ग
चांद मलोट
पंजाब

स्कूल जाने वाले व स्ट्रीट वेंडर बच्चों की मैथ्स में कितना अंतर है. एक रिसर्च में इस बात का खुलासा हुआ है।

भारतीय बच्चों में स्कूल में पढ़ाए जाने वाले मैथ्स और वास्तविक जीवन में काम आने वाली मैथ्स के बीच एक बड़ा अंतर है। यह खुलासा हाल ही में हुए एक नई रिसर्च से पता चला है। स्टडी बताती है कि जहां स्कूल जाने वाले बच्चे ऐकडेमिक मैथ्स में अच्छे होते हैं, वहीं बाजार में काम करने वाले बच्चे जटिल लेन-देन को मानसिक रूप से जल्दी से हल कर सकते हैं, लेकिन वे स्कूल के मैथ्स में संघर्ष करते हैं.।





यह अध्ययन नोबेल पुरस्कार विजेता एस्थर डुफलो और अभिजीत बनर्जी सहित शोधकर्ताओं की टीम ने किया है। उन्होंने यह जांचने की कोशिश की कि क्या वास्तविक जीवन में प्राप्त मैथमेटिक्स कौशल स्कूल में उपयोगी हो सकते हैं और क्या स्कूल में सीखी गई मैथमेटिक्स तकनीकें जीवन के वास्तविक दुनिया में काम आती हैं। शोधकर्ताओं ने दिल्ली और कोलकाता के बाजारों में 1,436 बाल विक्रेताओं और 471 स्कूल बच्चों के साथ अध्ययन किया।

इस अध्ययन में यह पाया गया कि बाल विक्रेता जटिल मानसिक गणना को अपने बिक्री लेन-देन में बगैर किसी मदद के हल कर सकते हैं, लेकिन वही समस्या जब उन्हें किताबों में दी जाती है, तो वे उन्हें हल नहीं कर पाते। दूसरी ओर, स्कूल के बच्चे मैथ्स के टेक्स्टबुक वाले सवालों को हल करने में अच्छे होते हैं, लेकिन वे बाजार में होने वाली वास्तविक लेन-देन की गणना नहीं कर पाते। इस अध्ययन में शामिल सभी बच्चे 17 साल से कम उम्र के थे और अधिकतर 13 से 15 साल के थे। कार्यरत बच्चों में से 1 प्रतिशत से भी कम स्कूल जाने वाले बच्चे उन व्यावहारिक बाजार समस्याओं को हल कर पाए जो एक तिहाई कामकाजी बच्चों ने आसानी से हल कर दी थीं. यह दर्शाता है कि कामकाजी बच्चे मानसिक शॉर्टकट्स का इस्तेमाल करते हैं, जबकि स्कूल जाने वाले बच्चे धीमे, लिखित गणना पर निर्भर रहते हैं।

शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत में शिक्षा प्रणाली इस अंतर को दूर करने में असफल रही है, जहां स्कूल और वास्तविक जीवन के मैथ्स के बीच कोई तालमेल नहीं है. यह अध्ययन एमआईटी, हावर्ड युनिवर्सिटी और अन्य संस्थाओं के शोधकर्ताओं ने किया है,और इसे नैचुरल जर्नल में प्रकाशित किया गया है।

स्कूल की शिक्षा प्रणाली में घर और स्कूल के ज्ञान के बीच कोई संबंध नहीं है, जो न केवल स्कूल शिक्षा के लिए बुरा है, बल्कि ऐसे बहुत से टैलेंट को पहचानने में भी मदद नहीं करता,जो पहले से ही मौजूद हैं. उनका कहना है कि पाठ्यक्रम को फिर से सोचने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों को दोनों प्रकार के मैथ्स को जोड़कर पढ़ाया जा सके।

इस शोध से यह भी सामने आया कि जब बच्चों से असामान्य मात्रा में सामान खरीदी गई, जैसे 800 ग्राम आलू और 1.4 किलोग्राम प्याज, तो अधिकतर बच्चों ने बिना किसी सहायता के सही गणना की. लेकिन जब उन्हें स्कूल के मैथ्स के सवाल दिए गए, तो उनमें से बहुत कम बच्चे सही जवाब दे पाए।

यह अध्ययन हमें बताता है कि स्कूल में बच्चों को मैथ्स केवल एक करीकुलम के रूप में सिखाया जाता है, और जब वे उसे वास्तविक जीवन में लागू करने की कोशिश करते हैं, तो वह काम नहीं करता।

# कांग्रेस के बाद क्षेत्रीय दलों में भी पतन का दौर



अजय कुमार
लखनऊ,उत्तर प्रदेश

देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का उभार और कांग्रेस सहित कई क्षेत्रीय दलों का पतन काफी कुछ कहता है। भले ही हार से बौखलाए मोदी और बीजेपी विरोधी नेता चुनाव में धांधली का आरोप लगा रहे हों ? सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात करते हों ? लेकिन ऐसा नहीं है कि विरोधियों को अपनी राजनैतिक कमजोरी और सियासी अपरिपक्वता का अहसास नहीं है,लेकिन बार-बार पराजित हो रहे यह नेता सच्चाई स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।जबकि सच्चाई यह है कि बीजेपी को छोड़कर देश की किसी भी राजनैतिक दल में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही नहीं है। इसमें देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सहित बहुजन समाज पार्टी,समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल,उद्धव ठाकरे की शिवसेना,शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की लम्बी चौड़ी लिस्ट हैं। अब इसमें नया नाम कट्टर ईमानदार 'आम आदमी पार्टी' का भी जुड़ गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हार के लिये अभी तक ईवीएम मशीन या सरकारी मशीनरी पर किसी तरह की धांधली का आरोप नहीं लगाया है,जबकि उसी समय उत्तर प्रदेश में अयोध्या की चर्चित मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर मिली जबर्दस्त हार के बाद समाजवादी पार्टी का प्रलाप लगातार जारी है। ऐसा ही प्रलाप कांग्रेस अध्यक्ष खरगे,नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सहित उनकी पार्टी के तमाम नेता भी करते रहते हैं। हालात यह है कि हार से बौखला कर मोदी विरोधी नेता उन्हें(मोदी) और बीजेपी को ही नहीं चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी जैसी एजेंसियों के खिलाफ भी भड़ास निकालते रहते हैं। यह नेता मोदी को नीचा दिखाने के लिये देश की छवि भी खराब करने से नहीं चूकते हैं। इसमें विदेश से पढ़ाई करके आने वाले टेक्नोटेक सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईआरएस रह चुके अरविंद केजरीवाल जैसे पढ़े लिखे नेता शामिल हैं तो बिहार में लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव भी आरोप-प्रत्यारोप वाली सियासत से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने अपनी आभा को एकदम मटियामेट कर दिया है. जो केजरीवाल 12 साल पहले यूथ आइकॉन बनकर उभरे थे, वे अब धूल में लथपथ पड़े हैं. विधान सभा में 'दिल्ली का मालिक मैं हूँ' जैसे अहंकारी बयान देने वाले और हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाकर अपनी फजीहत करा चुके अरविंद केजरीवाल दिल्ली जैसे आधे-अधूरे राज्य का मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री का ख्वाब देखने लगे थे मगर अब वे विधायकी भी गंवा बैठे. राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है, कि अरविंद जिस तेजी से राजनीति में चमके थे उसी तत्परता से औंधे मुंह जा गिरे. अब उनका कोई भविष्य नहीं है और इसकी वजह है उनका बड़बोलापन और भरोसे की राजनीति न करना एवं उनकी अवसरवादिता दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से अधिक भद्द राहुल गांधी की पिटी है। पिछले कई चुनावों से दिल्ली में शून्य सीटों का रिकॉर्ड राहुल गांधी और कांग्रेस के नाम दर्ज है।अरविंद केजरीवाल की तरह ही नेताजी मुलायम सिंह यादव की राजनैतिक विरासत संभाले हुए अखिलेश यादव की है। 2012 के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपनी जगह अपने बेटे अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया था,जबकि अनुभव के नाम पर अखिलेश खाली हाथ थे। इसके बाद अखिलेश यादव अपने दम पर भले ही राजनीति में कुछ खास नहीं कर पाये हों,लेकिन उनके बड़बोलेपन और अपनी हार का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने की महारथ के चलते खूब नाम कमा रहे हैं।विवादित बयानबाजी की बात की जाये तो अखिलेश यादव अपने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद को अयोध्या का नया राजा कहकर प्रभु श्रीराम और उनके भक्तों का उपहास उड़ाने के चक्कर में खुद फजीहत करा बैठते हैं। उन्हें ट्रॉफी की तरह अपने साथ लेकर घूमते थे,लेकिन मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद अखिलेश अपने होश खो बैठे हैं । सपा नेता हार से इतना बौखला गये हैं कि पार्टी के महासचिव प्रो रामगोपाल यादव तो यूपी के सरकारी अधिकारियों को ही नसीहत देने लगे हैं कि वह मुख्यमंत्री योगी जी का आदेश सुनने की बजाये उन्हें नसीहत दें।

# संबंधों को सही दिशा और आकार देने की पहल की मोदी-ट्रंप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा पर संपूर्ण विश्व की दृष्टि थी। दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्त्राइली प्रधानमंत्री, जापानी प्रधानमंत्री और जॉर्डन के राजा के बाद प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया था। मोदी ऐसे चौथे वैश्विक नेता है जिनकी ट्रंप और उनके प्रशासन के साथ विस्तृत बातचीत हुई, समझौते हुए तथा इससे भविष्य के संबंधों का संकेत मिला। टैरिफ यानी सीमा शुल्क को लेकर ट्रंप का रवैया पहले जैसा ही कठोर है। उन्होंने घोषणा किया हुआ है कि रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश उनकी सामग्रियों पर जितना शुल्क लगाता है उतना ही लगाएंगे। उन्होंने अमेरिका के पुराने मित्र और साझेदारों जापान तथा यूरोपीय संघ को भी नहीं बक्शा है। वह केवल भारत को अलग से रियायत देंगे यह मानकर नहीं चलना चाहिए। भारत का नाम लेते हुए उन्होंने कहा था कि वहां शुल्क इतना ज्यादा है कि व्यापार करना कठिन है। संयुक्त पत्रकार वार्ता में भी उन्होंने कहा कि हम 45 अरब डॉलर के भारत से व्यापार घाटे को कम करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अनुचित और बहुत कड़े टैरिफ को घटाने की घोषणा की है,जो भारतीय बाजार में अमेरिकी पहुंच को कम करते हैं। और मैं कहना चाहूंगा कि यह बहुत बड़ी समस्या है। ट्रंप पहले कार्यक्रम में भी इस पर कठोर रहे हैं लेकिन भारत के विरुद्ध शुल्क वाली दंडात्मक कार्रवाई नहीं की। भारत को द्विपक्षीय व्यापार में सर्वाधिक लाभ अमेरिका के साथ है और वे शुल्क बढ़ाते हैं तो भारतीय सामग्रियों के लिए अमेरिकी बाजार में स्थान बनाना कठिन होगा। हमारा निर्यात घट सकता है और यह अर्थव्यवस्था की दृष्टि से चिंताजनक होगा। किंतु अब केवल अमेरिका नहीं संपूर्ण विश्व को उसके साथ संबंधों के पुनर्सयोजन की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है। सत्ता संभालने के साथ ही ट्रंप लगातार आक्रामक होकर अपनी दृष्टि से अमेरिकी हित के संदर्भ में कदम उठा रहे हैं और उनसे अन्य देशों को परेशानी हुई है। हम यह मानकर नहीं चलें कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से भारत और विश्व की दृष्टि से सकारात्मक उपलब्धियां नहीं हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जिस तरीके से मोदी का स्वागत किया वैसा पूर्व के तीन नेताओं का नहीं हुआ। ट्रंप ने कहा भी कि मुझे आपकी कमी यहां महसूस हो रही थी। जहां तक प्रतिक्रियात्मक शुक्ल का प्रश्न है तो ऐसा लगता नहीं कि अमेरिकी प्रशासन ने अभी तक उसका सही आकलन और रूपरेखा निर्धारित किया है। 500 अरब डॉलर तक ले जाने का संकल्प मोदी ने व्यक्त किया। ट्रंप ने भारत का नंबर एक तेल और गैस आपूर्तिकर्ता देश बनने पर मोदी के साथ बातचीत की चर्चा की। इस तरह भारत ने रास्ता हमको लेना है तो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार और लाभ वाले ऐसे देश से, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक समस्याओं से निपटने में सहयोग कर सकता है उससे खरीदने मे समस्या नहीं है।



PTI

माना जा सकता है कि हमारे पास अपने हितों को सुरक्षित रखने का रास्ता खत्म नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता मुक्त व्यापार समझौते पर जल्दी पहुंचने की बात की और इसी वर्ष पूरा होने का संकेत दिया। वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 129.2 अरब डॉलर है, 2030 तक इसे निकाला है। संभवतः उन्हें बताया है कि आप शुल्क लगाकर अपना नुकसान पहुंचाएंगे क्योंकि हम बड़े खरीदार हैं। जैसा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि साझा उत्पादन, तकनीक आदि के मामले में हम रक्षा साझेदार हैं और सबसे बड़ी बात कि गैस और तेल हम आपसे खरीदेंगे। इसमें समस्या भी नहीं है। कहीं से हमारी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा हाइड्रोकार्बन खरीद में विविधता बढ़ेगा,कुछ देशों पर निर्भरता में कमी आएगी। आर्टफशियल इंटेलिजेंस जैसे नये उभर रहे क्षेत्र में सहयोग द्विपक्षीय एवं वैश्विक व्यवस्था की दृष्टि से हमारे लिए लाभकारी है। एक महत्त्वपूर्ण बात भारत मध्य पूर्व यूरोपीय आर्थिक गलियारा पर अमेरिका की हरी झंडी है। यह हमारे लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इससे ईरान स्थित चाबाहार बंदरगाह सुरक्षित हो सकता है। अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगाया हुआ है,लेकिन चाबहार उन्होंने विदेश मंत्री मार्क रु बियो पर छोड़ दिया है। यह मार्ग चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का प्रत्युत्तर है। इससे हमारे दूरगामी व्यापारिक एवं सामरिक हित सधने वाले हैं। बोस्टन ओर लॉस एंजेलिस में दो नये दूतावास खोलने की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। इससे पता चलता है कि अमेरिका में भारत की राजनयिक, आर्थिक और दोनों देशों के नागरिकों के बीच अंतर्सवाद का काफी विस्तार हुआ है।प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख अधिकारियों और नेताओं से भी मुलाकात की जिनमें अमेरिकी खुफिया सेवाओं की निदेशक तुलसी गबार्ड, अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज एवं डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख एलन मस्क शामिल हैं। इन सबका असर सुरक्षा एवं अन्य मामलों में आने वाले समय में धीरे-धीरे दिखाई देगा। रूस-यूक्रेन के बीच तनाव घटाने पर ट्रंप सक्रिय हैं और इसमें हमारा भी हित है क्योंकि रूस पर लगे प्रतिबंधों से समस्याएं बढ़ी हुई हैं। हिन्द-प्रशांत में हिन्द महासागर पहल की घोषणा महत्वपूर्ण है। ट्रंप स्वतंत्र एवं मुक्त हिन्द प्रशासन क्षेत्र की बात करते हुए कहते रहे हैं कि भारत क्षेत्र की महाशक्तिहै और भारत की साझेदारी को हमेशा महत्त्व दिया है। भारत की सुरक्षा की दृष्टि से इस यात्रा की दो महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां है। संयुक्त वक्तव्य में सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान का स्पष्ट नाम लिया गया है तथा 2008 के मुंबई हमले के अपराधियों को सजा देने की भी मांग है।प्रधानमंत्री की यात्रा की पूरी तैयारी कर कर जाते हैं और इसमें उनकी भाषा और शब्दचयन भी शामिल है। उन्होंने संयुक्त पत्रकार वार्ता में ट्रंप की मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' यानी मागा' की चर्चा करते हुए कहा कि मैं इस नाते उनका प्रशंसक हूं। उसी तरह भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए मैं भी मेक इंडिया ग्रेट अगेन' पर काम कर रहा हूं। इस यात्रा के बाद आर्थिक ,सामरिक एवं रणनीतिक संबंध व साझेदारी पर बनी व्यापक सहमति से पता चलता है कि भविष्य की दृष्टि से दोनों नेताओं ने संबंधों को सही दिशा और आकार देने की पहल की है और इसके अच्छे परिणाम आएंगे।

-अवधेश कुमार-

## कविता
## आखिर में दिया बुझ जाएगा

घटती-घटना



रवीन्द्र कुमार शर्मा
घुमारवी, बिलासपुर
हिमाचलप्रदेश

आरम्भ किसी चीज़ का हुआ है
उसका अंत भी अवश्य आएगा
ऊंचाईयों पर कोई कब तक ठहरेगा
एक न एक दिन तो नीचे भी जाएगा
जवान कोई हमेशा रहेगा नहीं
एक दिन सबको बुढ़ापा आएगा
याददाश्त हो जाएगी कमज़ोर
चलने फिरने में लाचार हो जाएगा
बच्चे हो जाएंगे बड़े और समझदार
बुजुर्गों को कोई पास नहीं बिठायेगा
अपनी भी जब वैसी अवस्था आएगी
पछतायेगा पर समय फिर हाथ नहीं आएगा
चल नहीं पायेगा हमेशा
एक दिन चलते चलते रूक जाएगा
धीमी पड़ने लगेगी लौ टिमटिमायेगा
आखिर में दिया बुझ जाएगा

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# विज्ञान केवल एक विषय नहीं है,बल्कि यह सोचने-समझने का है एक तरीका

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पुलिस लाइन हायर सेकेंडरी स्कूल, अंबिकापुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विज्ञान एवं नवाचार से जुड़े अपने मॉडलों और विचारों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडेय थे।






उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह सोचने और समझने का एक तरीका है, जो विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है और समाज की प्रगति में भी योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र रचनात्मकता और नवाचार में निपुण हैं तथा विज्ञान उनकी सोच को और विकसित करने में सहायक हो सकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि यदि वे विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रयोग और अनुसंधान करते रहें, तो वे देश और दुनिया के लिए नई खोजों और तकनीकों का योगदान दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता में वर्किंग साइंस मॉडल, स्टेटिक साइंस मॉडल और साइंस पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों में सुमेश्वर गुप्ता, पूजा भगत, अंकिता मेघा केरकेट्टा, नीलक्षी यादव, रणविजय निषाद, शालिनी पैंकरा, वनिशा ताम्रकार, पंकज साहू और हर्ष कुशवाहा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता में शामिल छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की गई। एकेडमिक जिला समन्वयक लीना थॉमस ने इस कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया। इस दौरान आराधना तिवारी, विपिन मिश्रा,आशीष वर्मा,सुधा जायसवाल,अक्षय रंजन वर्मा, प्रत्युष दुबे शामिल रहे।

### विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक कविता राजवंशी ने नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था वर्षों से विज्ञान के प्रचार-प्रसार और छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है।



# शासकीय जमीन फर्जी तरीके से करा लिया था अपने नाम,आरोपी गिरफ्तार

- सवाददाता -
अंबिकापुर, 22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

हल्का पटवारी से मिलीभगत कर शासकीय भूमि 0390 हेक्टेयर अपने नाम कराने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार जयेश कंवर ने 20 दिसंबर 2024 को थाना गांधीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह पुलिस को बताया था कि ग्राम नेहरूनगर, पंचायत डिगमा तहसील अम्बिकापुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 135 रकबा 0.390 हेक्टेयर भूमि को आरोपी प्रभाष मण्डल के नाम पर बिना किसी सक्षम न्यायालय के आदेश के विधि विरूद्ध रूप से भूमि स्वामी हक में तात्कालीन हल्का पटवारी अगस्तुस लकड़ा द्वारा दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 409, 420, 120(बी), 467, 468, 471 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पाया गया कि आवेदक भाजपा नेता आलोक दुबे द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर कलेक्टर ने जांच कराई थी। जांच में प्रभाष मंडल पिता कालाचन्द के नाम पर दर्ज पाया गया। ग्राम नेहरूनगर, पहन -3, रानिम मंडल अजिरमा में हल्का पटवारी अगस्तुस लकड़ा की पदस्थापना के दौरान उपरोक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में अनावेदक प्रभाष मंडल के नाम विधि विरुद्ध तरीके से भूमि स्वामी हक में दर्ज कर दिया गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रभाष मण्डल पिता स्व.कालाचंद मण्डल उम्र 42 वर्ष निवासी नेहरूनगर डिगमा थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। मामले में हल्का पटवारी की गिरफ्तारी शेष है।

# जिपं चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा

**» 11 सीटों में 4 पर कांग्रेस 2 पर भाजपा समर्थित जीते**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

मतपत्र से हो रहे त्रीस्तरीय पंचायत चुनाव में सरगुजा की जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। भाजपाई जिला पंचायत और जनपद के जीते हुए कांग्रेसी मानसिकता के प्रत्याशियों पर सत्ता,धन और बाहुबल का दबाव बनाकर भाजपा के लिए काम करने का दबाव बना रहे है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष वर्मा ने कहा है कि सरगुजा में दो चरणों मे 11 जिला पंचायत क्षेत्र में चुनाव हुए हैं। जिनमे से चार पर कांग्रेस और सिर्फ दो सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार को जीत मिली है। शेष 5 सीटों में तीन पर कांग्रेस की विचारधारा वाले प्रत्याशियों को जीत मिली है। ग्रामीण जनता भाजपा और उसकी विचारधारा वाले प्रत्याशियों को नकार चुकी है। अभी लुंड्रा और बतौली ब्लॉक की तीन जिपं क्षेत्रो में चुनाव शेष है वहां भी कांग्रेस बेहद मजबूत स्थिति में है।जिपं में कांग्रेस की सरकार बनते देख भाजपाई बौखलाए हुए हैं । वे निश्चित हार देख आगामी चुनाव को प्रभावित करने जिले और प्रदेश में बढ़त का झूठा दावा कर रहे हैं। धन और बाहुबल के साथ प्रशासन का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उन्होने भाजपा के स्थानीय नेतृत्व को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें नैतिक साहस है तो जिला पंचायत में अपने अधिकृत प्रत्यशियों और जीते हुए प्रत्यशियों की सूची सार्वजनिक करें। सत्ता, शासन, धन और बाहुबल से अलोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाकर जनादेश का अपमान न करें।



# अनोखी सोच संस्था दर्रीपारा अपने वार्ड के 450 लोगों को लेकर प्रयागराज महाकुंभ हुई रवाना

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अनोखी सोच संस्था के द्वारा दर्रीपारा मोहल्ले के तकरीबन 450 सौ लोगों को लेकर प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने हेतु ले जाया गया है जिसमें माताएं बहने बड़े बुजुर्ग युवा शामिल है। सभी श्रद्धालु शनिवार को आस्था लिए हुए प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रस्थान किए हैं। जानकारी के अनुसार भारत देश के संगमतट प्रयागराज में 144 साल बाद लगने वाला महाकुंभ मेला दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का एक जत्था नगर के दर्रीपारा से प्रयागराज के लिए अपने खर्चे से समाजसेवी संस्था अनोखी सोच ने शनिवार को रवाना किया। क्षेत्र के श्रद्धालुओं को कई बसों में भरकर तीर्थ स्थल दर्शन हेतु भेजा गया है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू ने कहा कि कुम्भ का धार्मिक महत्व विशेष है वैसे कुम्भ मेला तीन श्रेणी में लगता है पहला अर्द्धकुंभ मेला जो 6 साल में और कुम्भ 12 साल में आता है किंतु यह महाकुंभ 144 साल बाद एक बार आता है। हमने सुनिश्चित किया है कि आर्थिक अभाव के कारण क्षेत्र के कोई भी धर्मपरायण लोग इस महाकुम्भ में शामिल होने से वंचित नही रहे। इस दौरान अभय साहू ,पंकज चौधरी, लालजी, सुनील साहू ,प्रकाश खेरवार, गोपी साहू ,प्रदीप साहू, विकाश साहू , समित मुंडा,लरंग मुंडा राहुल मुंडा, सोनू साहू, कार्तिक मिंज,सौरभ दास,अजय साहू,नीरज साहू,संदेश पासवान,बिट्टू मिश्रा,संजू चटर्जी, ननकू मुंडा,बनाफर केरकेट्टा,भोला रक्सेल, चंद्रप्रताप सिंह,संदीप दास,रंजीत साहू,भोला कश्यप,नितेश,सावन केरकेट्टा, चुनमुन, विशाल साहू, विकाश साहू, विकाश एक्का सहित अन्य मौजूद थे।



# बिलासपुर-अंबिकापुर हवाई सेवा बंद,2 माह भी नही चल सका



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिस उम्मीद और उत्साह के साथ बिलासपुर-अंबिकापुर के बीच हवाई सेवा शुरू की गई थी, वह महज दो महीनों में ही ठप हो गई। यात्रियों की कमी के चलते यह हवाई सेवा बीते दो दिनों से बंद है।

केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत 19 दिसंबर को रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर रूट पर फ्लाई बिग एयरलाइन की सेवा शुरू हुई थी। 19 सीटर विमान से यह यात्रा बेहद कम समय में पूरी की जा रही थी, जिससे यात्रियों को ट्रेन के रातभर के सफर से राहत मिल रही थी। शुरुआती दिनों में यह सेवा किफायती थी और 999 रुपये की न्यूनतम कीमत पर टिकट उपलब्ध थे।

हालांकि,धीरे-धीरे हवाई किराए में वृद्धि होने लगी, जिससे यात्रियों की संख्या में गिरावट आई। नतीजतन, महज दो महीनों के भीतर ही फ्लाई बिग एयरलाइन ने इस रूट पर अपनी सेवाएं बंद कर दी हैं। फिलहाल, कंपनी की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, और न ही यह स्पष्ट है कि सेवा दोबारा कब शुरू होगी।

# पंचायती चुनाव के दौरान अत्यधीक शराब पीने से युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

पंचायती चुनाव के दौरान एक युवक घुम-घुमकर शराब का सेवन कर रहा था। अत्यधिक शराब सेवन करने से 21 फरवरी को उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सतन पिता सोहावन उम्र 27 वर्ष बलरामपुर जिले के ग्राम भेलवाडीह का रहने वाला था। वह शराब पीने का आदि था। पंचायत चुनाव के दौरान और अधिक शराब पीने लगा था। अत्यधीक शराब सेवन करने के कारण 21 फरवरी की दोपहर उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए बलरामपुर जिला अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जंगल में फांसी के फंदे पर झूलती मिली युवक की लाश,मौके पर पहुंची पुलिस जुटी जांच में

- संवाददाता -
लखनपुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी मुख्य मार्ग के लोसगी पंडरीपानी जंगल के सराई पेड़ में 22 फरवरी दिन शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे फांसी के फंदे पर झूलती हुई युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



सूचना मिलते हैं डायल 112 आरक्षक रामकुमार चालक राकेश बड़ा मौके पर पहुंचे और घटना के संबंध में मृतक युवक के परिजनों और थाना प्रभारी को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया गया और पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव का पहचान संतोष यादव पिता मुन्ना यादव ग्राम पंडरी पानी थाना लखनपुर निवासी के रूप में हुई है। वही बताया जा रहा है कि शव से कुछ दूरी पर बिना नंबर के टीवीएस स्टार स्पोर्ट मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद किया है घटना के बाद से परिवारजनों में शोक का माहौल व्याप्त है।फिलहाल पुलिस पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

# अंबिकापुर-सीतापुर मुख्य मार्ग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम,निष्पक्ष चुनाव की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में सीतापुर क्षेत्र में कथित तौर पर निष्पक्ष चुनाव न होने के विरोध में शनिवार को तीन गांवों के ग्रामीणों ने अंबिकापुर-सीतापुर मुख्य मार्ग एनएच-43 पर चक्काजाम कर दिया है। इससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिकारियों की लगातार समझाइश भी अब तक फेल नजर आ रही है। सीतापुर ब्लॉक के रजपुरी, मुरता और ढेलसरा गांव के ग्रामीण फर्जी मतदान और मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मतपत्रों की जांच और पुनर्गणना (रिकाउंटिंग) की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को भी इन ग्रामीणों ने जनपद पंचायत सीतापुर कार्यालय का घेराव किया था, जो देर शाम अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ था। लेकिन, मांग पूरी न होने पर शनिवार को उन्होंने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। मुर्दाबाद के लगे नारे प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं, जिसकी जांच आवश्यक है। उनका आरोप है कि प्रशासन ने उनकी मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं किया, जिसके कारण उन्हें विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। ग्रामीण निर्वाचन आयोग मुर्दाबाद और जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग कर रहे हैं।







## ब्रिटेन में बाल शोषण और कमजोर लोगों के घर पर जबरन कब्जा करने वालों पर कसेगा शिकंजा

लंदन,22 फरवरी 2025। ब्रिटेन सरकार ने बाल शोषण और कमजोर वर्ग के लोगों के साथ होने वाले अपराध कोयलिंग के खिलाफ काननू बनाने का एलान किया है। सरकार ने दोनों अपराध के खिलाफ पांच से 10 साल तक की सजा का प्रावधान किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अपराध रोकने और पुलिसिंग को बढ़ावा दिए जाने के लिए लाए जा रहे इस विधेयक को अगले सप्ताह हाउस ऑफ कॉमन्स में रखा जाएगा।

ब्रिटेन में जिन दो अपराधों के खिलाफ कानून लाया जा रहा है, उसमें पहला कोयलिंग है। यह एक ऐसी प्रथा है जिसमें अपराधी कमजोर वर्ग के लोगों के घर पर बिना उनकी अनुमति के कब्जा कर लेते हैं और उनसे जबरन गैर कानूनी गतिविधियां जैसे ड्रग्स तस्करी के काम कराते हैं। जबकि दूसरे अपराध में कुछ अपराधी बच्चों से आपराधिक गतिविधियां कराते हैं।

ब्रिटेन की गृह सचिव यवेटे कूपर ने कहा कि आपराधिक लाभ के लिए बच्चों को कमजोर लोगों का शोषण घृणित है। हम इसे अपनी सड़कों से खत्म करना चाहते हैं। बदलाव की दिशा में हमारे कदम के तहत हम इन दो आपराधिक मामलों में उन लोगों को दंड देंगे जो यह अपराध कराते हैं। साथ ही हम पीड़ितों की सुरक्षा और छिपे हुए इस अपराध को रोकेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025

# 23 फरवरी को तृतीय चरण का होगा मतदान









**» लुण्ड्रा में 91224 एवं बतौली में 54419 मतदाता करेंगे मतदान**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत सरगुजा जिले में तृतीय चरण का मतदान जनपद पंचायत लूण्ड्रा एवं बतौली में 23 फरवरी को प्रातः 07 बजे से प्रारंभ होगा जोकि निर्धारित समय अपहृत 03 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल शनिवार को जनपद पंचायत मुख्यालय से मतदान सामग्री के वितरण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान दलों, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, रिजर्व दल आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं उन्होंने मतदान दलों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी।

सामान्य प्रेक्षक डॉ संतोष कुमार देवांगन एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी सरगुजा विनय कुमार अग्रवाल ने मतदान सामग्री वितरण का अवलोकन किया एवं मतदान दलों की वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अपने अपने गंतव्य स्थल के लिए रवाना किया।

**तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को**

राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार तृतीय चरण का निर्वाचन 23 फरवरी को जनपद पंचायत बतौली एवं लूण्ड्रा के 119 ग्राम पंचायत के लिए 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए 1325 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं 180 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस, नगर सेना एवं फॉरेस्ट गार्ड को मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है।

जनपद पंचायत लूण्ड्रा में पंच 1044 पद हैं जिसमें 551 पंच निर्विरोध एवं 6 पद रिक्त हैं, वहीं शेष 487 पदों के लिए 1115 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, सरपंच के लिए 77 पद हैं, जिसमें 01 पद निर्विरोध एवं शेष 76 पद के लिए 336 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 18 पद हैं जिसमें 105 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य के लिए 02 पद हैं जिसमें क्षेत्र क्रमांक 08 एवं 09 शामिल हैं। जिसमें क्षेत्र क्रमांक 08 से 04 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं वहीं क्षेत्र क्रमांक 09 से 12 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में क़िस्मत अजमा रहे हैं। जनपद पंचायत लूण्ड्रा में कुल 91224 मतदाता हैं जिसमें 45649 महिला, 45571 पुरुष एवं 04 अन्य मतदाता हैं। मतदान दलों को सुरक्षित मतदान केंद्र पहुंचाने हेतु 24 बड़ी बस एवं 13 छोटी गाड़ी की व्यवस्था की गई है।


जनपद पंचायत बतौली में पंच 606 पद हैं जिसमें 282 पंच निर्विरोध हैं, शेष 324 पंच पद के लिए 746 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, सरपंच के कुल 42 पद हैं जिसमें 212 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। जनपद पंचायत सदस्य के लिए 15 पद हैं, जिसके लिए 98 अभ्यर्थी चुनावी लड़ रहे हैं। बतौली क्षेत्र जिला पंचायत सदस्य के लिए 01 पद हैं जिसमें क्षेत्र क्रमांक 10 से 06 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। जनपद पंचायत में कुल 54419 मतदाता हैं जिसमें 27723 महिला एवं 26696 पुरुष मतदाता हैं। इसके लिए 93 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान दलों को सुरक्षित मतदान केंद्र पहुंचाने हेतु 16 बड़ी बस, 02 मिनी बस एवं 01 छोटी गाड़ी की व्यवस्था की गई है।


# शेयर मार्केट में ठगी का बड़ा खेल,निवेशकों के साथ हुआ धोखाधड़ी
















– संवाददाता –
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

शेयर बाजार की प्रतिष्ठित कंपनी मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का नाम इस्तेमाल कर एक ठग ने सैकड़ों लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा दिया। इस ठगी के मास्टरमाइंड आकाश सिंह, जो सूरजपुर जिले के प्रतापपुर का निवासी है, ने निवेशकों को भारी मुनाफे का लालच देकर पैसे ठगे और फिर विदेश भाग गया।

1987 में स्थापित मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग हाउस से शुरू होकर एक बड़ी वित्तीय सेवा कंपनी बनी। इसी प्रतिष्ठा का फायदा उठाते हुए आकाश सिंह ने लोगों को मोहित किया और ASA नामक कंपनी के नाम पर निवेशकों को फंसाया।

ASAनामक कंपनी वर्ष 2020 में अंबिकापुर के कुछ स्थानीय युवाओं द्वारा बनाई गई थी। इसके संस्थापक राजन बरियार थे, जिनकी 10 मई 2023 को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बाद कंपनी आर्थिक संकट में आ गई।

यहीं पर आकाश सिंह की एंट्री हुई। उसने खुद को एक कुशल व्यापारी बताकर कंपनी के युवाओं को अपने जाल में फंसा लिया। उसने दावा किया कि उसका मोतीलाल ओसवाल में सीधा कनेक्शन है और सब-ब्रोकरशिप लेने पर मोटा मुनाफा होगा।

आकाश सिंह ने पहले निवेशकों को छोटे-छोटे मुनाफे दिए, जिससे उन पर भरोसा बढ़ता गया। धीरे-धीरे अंबिकापुर के निवेशकों ने करोड़ों रुपये उसके कहने पर डिमेट अकाउंट में डलवा दिए। इस बीच, आकाश ने अपने रईसी के जलवे दिखाए– दिल्ली का फ्लैट, फार्म हाउस, 45 लाख की लग्जरी गाड़ी और विदेश यात्राएं। 2024 के आखिरी महीनों में आकाश ने पैसे देने बंद कर दिए। जब लोगों ने सवाल किया, तो वह बीमारी का बहाना बनाकर दुबई भाग गया। निवेशकों को शांत करने के लिए उसने 500 रुपये के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र दिया कि वह सभी का पैसा लौटा देगा, लेकिन वह सिर्फ एक और झूठ था।

जब पुलिस ने जांच की, तो पता चला कि आकाश सिंह के खिलाफ अहमदाबाद कोर्ट से नोटिस जारी हुआ है। मामला धारा 138 (चेक बाउंस) से संबंधित है। इसके अलावा, उसने अपने रिश्तेदारों तक को ठग लिया और उनके खातों से भी करोड़ों रुपये का हेरफेर किया।

अंबिकापुर पुलिस को इस घोटाले की पूरी जानकारी होने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सवाल यह उठता है कि क्या शेयर बाजार में बड़े नाम और सफेदपोश अपराधी कानून से ऊपर हैं? सैकड़ों पीड़ित निवेशक अब पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। देखना होगा कि पुलिस इस महाठग पर कब तक कार्रवाई करती है और पीड़ितों को उनका हक कब तक मिल पाता है।

# जबरन दुष्कर्म के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**» थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही**

**» महिला सम्बन्धी अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी दिनांक 21/01/25 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का जानपहचान मलगवा निवासी मुन्ना केरकेट्टा से साथ मे मजदूरी काम करने के दौरान हुआ था, जानपहचान होने से मुन्ना प्रार्थी के घर आना जाना भी करता था, कि दिनांक 20/01/25 कों प्रार्थी अपने बहन के घर चला गया था और वही रुक गया था कि प्रार्थी कों घरवालो से फ़ोन के माध्यम से सूचना मिला कि मुन्ना केरकेट्टा प्रार्थी की लड़की को रात मे ले गया था जो सुबह वापस लाकर छोड़ा हैं, तब प्रार्थी वापस अपने घर आकर अपनी लड़की से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया जो पीड़िता बताई कि घटना दिनांक 20/01/25 कों मुन्ना केरकेट्टा पीड़िता के घर आकर पीड़िता कों सब्जी खरीदने की बात बोलकर साथ मे ले गया था, जो पीड़िता कों बाजार ना ले जाकर अपने घर ले गया और जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया और सुबह वापस घर लाकर छोड़ दिया हैं, मामले मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 47/25 धारा रिपोर्ट पर धारा 64 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




दौरान विवेचना महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का कथन लेख कर मामले के आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी मुन्ना केरकेट्टा कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम मुन्ना केरकेट्टा उम्र 40 वर्ष साकिन मलगवां खुर्द खालपारा थाना कोतवाली अम्बिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पीड़िता कों सब्जी खरीदने के बहाने अपने घर ले जाकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक दिलिप दुबे, महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, आरक्षक संजय कुजूर सक्रिय रहे।

# अविवाहित युवती ने मृत बच्चों को दिया जन्म

**» बच्चे को जन्म देने के बाद युवती की हुई मौत**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में एक अविवाहित युवती गर्भवती हो गई। अचानक उसकी पेट में दर्द होने पर परिजनों ने उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां 19 वर्षीय युवती ने मृत पुत्र को जन्म दिया। इसके थोड़ी देर बाद युवती की भी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि, परिजनों ने जशपुर जिला से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में युवती का इलाज करने के लिए पहुंचे थे। तभी पता चल कि युवती गर्भवती है। अंबिकापुर



मेडिकल कॉलेज में युवती ने मृत पुत्र को जन्म दिया। इसके थोड़ी देर बाद युवती की भी मौत हो गई। जच्चा बच्चा की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का चल पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला जी के करकमलों से डॉ डी के सोनी अधिवक्ता को मिला आर टी आई व्हिस्लब्लोअर का बेस्ट आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड

**» हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के होटल रेडिशन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,22 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के होटल रेडिशन केज ब्राउनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा क्रिएटर्स एंड बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड के आयोजित समारोह में अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ डीके सोनी को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला जी के हाथों दिया गया सम्मान। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी श्री सोनी को 37अवार्ड मिल चुके हैं यह इनका 38वा अवार्ड है

सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डी0के0 सोनी के द्वारा हमेशा न्याय में देरी,भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं।

डॉ डी0के0 सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं।

डॉ डी.के. सोनी द्वारा सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं, भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुलासा कर दस्तावेजों के आधार पर कार्यवाही कराकर कई भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध अपराध भी पंजीबद्ध कराया गया है।

केज ब्रेन प्राइवेट लिमिटेड के चयन समिति द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर तथा व्यापार, उद्योग में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का भी चयन किया गया जिसमें



सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए अंबिकापुर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ डी के सोनी को भारत के अन्य राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और कई बिजनेसमैन के समक्ष होटल रेडिशन शिमला में दिनाक 14/2/25 दिन शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला के कर कमलों से आर टी आई व्हिस्लब्लोअर अवार्ड 2025 का बेस्ट आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवॉर्ड दिया गया।

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उक्त कार्यक्रम में भारत देश के अलग अलग प्रदेशो से अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ साथ बिजनेश मेन भी उपस्थित थे को भी सम्मानित किया गया। उक्त कार्यकर्म में केज ब्रेन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विश्व आनंद श्रीवास्तव, इंडिया ए1न्यूज के एडिटर इन चीफ विनय सिंह जी, तथा राज्यपाल के स्केक्ट्री तथा कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ला जी के द्वारा अवार्ड देने के बाद अपने उद्बोधबोधन में छत्तीसगढ़ राज्य का नाम लेकर डी के सोनी के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की।

अधिवक्ता डॉ डी के सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं और सोसल जस्टिस प्राप्त करने वालो में हर्ष व्याप्त है।

इस मौके डॉ डी के सोनी ने यह कहा है कि यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे जनहित और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है और भविष्य में आगे अधिक ऊर्जा से तेज गति से सामाजिक और जनहित के कार्य को करने प्राथमिकता दिया जायेगा।

# आकार स्कूल अब ले रहा है शिक्षा के मंदिर का आकार:राजेन्द्र सोनी

**नवनिर्वाचित पटना नगर पंचायत के अध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुआ आकर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव | वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिये रंगारंग कार्यक्रम के साथ सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान | नगर पंचायत पटना की प्रथम महिला अध्यक्ष रही मुख्य अतिथि | आकर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न | बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति को मुख्य अतिथियों ने सराहा**






-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
नगर पंचायत पटना में स्थित आकार पब्लिक स्कूल में पहले वार्षिक उत्सव का बुधवार को आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नव निर्वाचित नगर पंचायत की प्रथम अध्यक्ष गायत्री सिंह के साथ अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित पार्षदों के मौजूदगी में मुख्य अतिथि गायत्री सिंह ने सरस्वती प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर कार्यकम की शुरुआत किया। स्कूल के विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किया गया। जिसमें छोटे-छोटे,नन्हें-मुन्हें बच्चों के द्वारा नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अभिभावक के साथ नगर के अतिथियों का स्वागत स्कूल के डायरेक्टर पूनम सोनी,स्कूल स्टाफ के द्वारा मंगल तिलक,बैच लगाकर किया गया। प्रिंसिपल रुखसार खान ने स्कूल के वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्कूल के तमाम गतिविधियों से अवगत कराया,आने वाले सत्र में होने वाले परिवर्तन से रूबरू कराया।पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल के साथ पंकज गुप्ता, अरशद खान की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि के रूप में जिलाशिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, बीईओ देवेश जायसवाल, बीआरसी निलेश शुक्ला, सीएसी अशोक गुप्ता को स्कूल प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता कश्यप, इरफा सिद्दकी ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में स्कूल के कार्यकमों को सराहा साथ ही स्कूल को वाटर कूलर तथा दो चेयर देने की घोषणा की।

## वार्षिक उत्सव में अतिथि सत्कार कार्यक्रम की शान

आकार पब्लिक स्कूल के पहले वार्षिक कार्यक्रम में उन अतिथियों को सम्मानित किया जो पिछले चार दशकों से शिक्षा के लिये समर्पित रहे। सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकों के लिये यह पहला ऐसा कार्यक्रम रहा जहां उनके शिक्षा के प्रति समर्पण, त्याग को सराहा गया। ऐसे शिक्षक जो अपने पूरे जीवन काल में सिर्फ षिक्षा को महत्व दिया और समाज में षिक्षा के प्रति अलख जगाया। उनके सम्मान में उन्हें शॉल और श्रीफल देकर विद्यालय परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। सम्मानित हुये शिक्षक में सर्वश्री रामऔतार मिश्रा, जगदीश कुशवाहा,राजेन्द्र सोनी, दयाशंकर कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, मित्तल प्रसाद कुर्रे, प्रदीप जायसवाल, महेन्द्र कुशवाहा, राजलाल राजवाड़े, श्रीमति द्रोपदी गुप्ता, श्रीमति शालनी चाफेकर के उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र सोनी जिन्हें शिक्षा के विषेष योगदान में राष्ट्रपति से सम्मानित किया गया है उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूलों के वार्षिक उत्सव में यह पहला ऐसा कार्यक्रम में जहां उन शिक्षकों को सम्मान मिला है जो सेवानिवृत्त हो चुके है। कार्यक्रम की तारीफ करते हुये कहा कि निष्चित ही जैसा विद्यालय का नाम है अब वह वैसा ही आकार ले रहा है।

## जागृति महिला मंडल ने बच्चों को पुरस्कार देकर बढ़ाया मान

विद्यालय परिवार के आग्रह पर जागृति महिला मंडल ने अपना बहुमूल्य समय दिया। स्कूल में हुए वार्षिक खेलकूद के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। स्कूल की शैक्षिक गतिविधियों के साथ स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम को सराहा गया। अध्यक्ष मीरा सोनी ने आकार स्कूल के पूरे टीम के कार्य को सराहा। उनके साथ ब्राम्हण समाज कोरिया की अध्यक्ष वंदना शर्मा, उपाध्यक्ष प्रमिला शर्मा, ऊषा धनोरिया, उषा सिंह, उर्मिला जायसवाल, पुष्पा सिंह और स्मिता गुप्ता मौजुद रही।

# जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक ने किया पाली महोत्सव आयोजन स्थल का गहन निरीक्षण



-संवाददाता-
कोरबा,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत और कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ग्राम पाली के केराझरिया में 26 और 27 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।निरक्षण के दौरान उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारियों का लिया जायजा, साथ ही पार्किंग, वीआईपी बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए मंच में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने यहाँ पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था और प्रवेश पास के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया । कलेक्टर ने 26 फरवरी को आयोजित होने वाली साइकिल रेस प्रतियोगिता की तैयारी के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने आपात स्थिति की तैयारी हेतु एम्बुलेंस,अग्निशमन वाहन की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देशित किया। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर मनोज कुमार, एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।




# बालको ने नेहरू उद्यान का सौंदर्यीकरण कर किया उद्घाटन

-संवाददाता-
कोरबा,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
बालको द्वारा बालको टाउनशिप में स्थित नेहरू उद्यान का सौंदर्यीकरण किया गया है । उद्यान में नए पौधों का रोपण तथा अत्याधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जो लोगों को आकर्षित कर रहा है। स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों के लिए यह उद्यान अब और भी मनोरम स्थल बन गया है। लोगों के टहलने, योग, ध्यान और पारिवारिक समय बिताने के लिए इसे एक अनुकूल उद्यान बनाया गया है। बालको प्रबंधन ने उद्यान के रखरखाव और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा है। उद्यान का उद्घाटन बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने किया, साथ ही इस दौरान बालको के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बालको प्रबंधन ने स्थानीय लोगों से आग्रह किया है कि वे इस हरित पहल में सहयोग दें और उद्यान की स्वच्छता व सुंदरता बनाए रखने में योगदान दें।

# गार्बेज फ्री सिटी और ओडीएफ प्लस पर दिया जायेगा विशेष जोर:राम नरेश राय



-संवाददाता-
एमसीबी/चिरमिरी,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महाअभियान स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना को पूरा करते छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय ने स्वच्छता सर्वेक्षण गार्बेज फ्री सिटी और ओडीएफ प्लस को पूरा करने की दिशा में शनिवार को महापौर स्वयं नगर निगम आयुक्त राम प्रसाद आचला के साथ स्वच्छता टीम की उपस्थिति में शहर के शहीद राजेश पटेल स्मारक चौक, डोमनहिल एसएलआरएम सेंटर एवं हल्दीबाड़ी में साफ़-सफ़ाई, शहर सौंदर्यकरण सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर राम नरेश राय ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने नगर में साफ़-सफाई बनाए रखें, उन्होंने बताया कि नगर के नागरिकों को मूलभूत समस्याओं व उनकी आवश्यकताओ को निराकृत करने की दिशा में हमारी सरकार संकल्पित है। शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने की दिशा में शहर को एक अलग पहचान मिलेगी। इस दौरान नगर निगम के पार्षद मनोज डे, नरेन्द्र कुमार साहू, चंदन गुप्ता, नगर निगम के स्वच्छता अधिकारी उमेश तिवारी, ज़िला समन्वयक प्रवीण सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025: फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव जनपद पंचायत क्षेत्रों में 23 फरवरी को होगा निर्वाचन

**तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में बनाए गए हैं 581 मतदान केंद्र**

**मतदान के लिए आज मतदान दलों को किया गया रवाना**

-संवाददाता-
जशपुरनगर 22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 23 फरवरी को जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में मतदान होना है। जिसके लिए इन तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में कुल 581 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें फरसाबहार जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए 158, जनपद पंचायत क्षेत्र पत्थलगांव के लिए 293 और जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल के लिए 130 मतदान केंद्र हैं। आज मतदान सम्पन्न कराने के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया।

मतदान दलों की रवानगी से पूर्व रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। जहां सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी उपस्थित रहे। जहां सभी को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने और मतदान एवं मतगणना के समय रखी जाने वाली वाली सावधानियों के संबंध में बताया गया।

तीसरे चरण में जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार, कांसाबेल और पत्थलगांव में मतदान होना है। तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में 182 सरपंच पदों, पंच के 2787 पदों, जनपद पंचायत सदस्य के 62 पदों एवं जिला पंचायत सदस्य के 6 पदों हेतु मतदान किया जाएगा। जिसमें जनपद पंचायत क्षेत्र फरसाबहार में 58 सरपंच पदों, पंच के 868 पदों एवं जनपद पंचायत सदस्य के 22 पदों के लिए मतदान होंगे। वहीं जनपद पंचायत क्षेत्र कांसाबेल में 40 सरपंच पदों, 588 पंच पदों और जनपद पंचायत सदस्य के 15 पदों के लिए मतदान होंगें। इसी तरह जनपद पंचायत पत्थलगांव क्षेत्र में 84 सरपंच पदों, 1331 पंच पदों और जनपद पंचायत सदस्य के 25 पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य हेतु फरसाबहार में 2 , कांसाबेल में 01 और पत्थलगांव में 3



# क्या चुनाव प्रचार के लिए कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी से रखा गया है दूर ?

**क्या एक शिक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता में की जा रही खुलेआम नेतागिरी को नहीं रोक सका कोरिया जिला निर्वाचन विभाग ?**

**बीमार या जरूरतमंद को नहीं मिला निर्वाचन के दौरान कोई अभयदान,नेतागिरी वाले कर्मचारी खुलेआम करते रहे नेतागिरी**

**कलेक्टर कोरिया भी मामले में रहीं मौन,मामला छिंदिया ग्राम से जुड़ा हुआ**

**चुनाव प्रचार करते हुए वीडियो हुआ सोशल मीडिया में वायरल**

**आचार संहिता का उल्लंघन एवं कई मामलों की शिकायत हो चुकी है दर्ज**





## जिला निर्वाचन आयोग एवं शिक्षा विभाग की भूमिका संदिग्ध

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

एक शासकीय कर्मचारी द्वारा सरेआम चुनाव प्रचार करना, जिसका फोटो वीडियो भी लगातार सोशल मीडिया में वायरल हो रहा हो और जिसकी कई सारी शिकायत विभाग से लेकर जिला निर्वाचन आयोग तक की गई हो, उस पर विभाग द्वारा, जिला निर्वाचन आयोग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही न करना संदेह को जन्म देता है। ताजा मामला ग्राम पंचायत छिंदिया का है, जहां जनपद पंचायत सदस्य के चुनाव लड़ रहे भूतपूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती आशा साहू के पति जो की एक शासकीय शिक्षक हैं,के द्वारा खुलेआम अपनी पत्नी के पक्ष में सभा की जा रही है, और चुनाव प्रचार किया जा रहा है। इसके कई वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल है,पर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा संज्ञान ना लेना समझ से परे हैं। जनपद सदस्य लड़ रहे प्रत्याशी के पति की कई शिकायतें कलेक्टर कोरिया से लेकर रिटर्निंग ऑफिसर जिला कोरिया, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष की गई है, जिसमें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ ही अनेक गंभीर प्रकार के आरोप लगाकर भी शिकायत दर्ज है। परंतु विभाग और निर्वाचन आयोग द्वारा इन शिकायतों पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विभाग पर इस कर्मचारी को बचाने का आरोप भी लग रहा है। पहले शिक्षक महेश साहू की ड्यूटी त्रिस्तरी पंचायत चुनाव 2025 में भी लगाई गई थी, परंतु विशेष सहुलियत देते हुए इन्हें ड्यूटी से परे रखा गया,जबकि इनके ड्यूटी का आदेश भी आ चुका था। शिकायत के आधार पर इन्हें निर्वाचन संबंधी कार्य देखने के लिए जनपद पंचायत बैकुंठपुर में अटैच किया गया, परंतु वहां भी इन्होंने एक भी दिन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई और लगातार दिन और रात अपनी पत्नी के चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे। यह सोचनीय विषय है कि एक शासकीय कर्मचारी के ऊपर जिला निर्वाचन आयोग के साथ-साथ कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारी आखिरकार इतने मेहरबान क्यों हैं।

### बीमार या जरूरतमंद को नहीं मिला निर्वाचन के दौरान कोई अभयदान,नेतागिरी वाले कर्मचारी खुलेआम करते रहे नेतागिरी

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश एवं निर्वाचन कार्य को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जाती है। इसके लिए संलग्न कर्मचारी को निर्वाचन कार्य से राहत मिलने में एड़ी चोटी का जोर लगाने पर भी राहत नहीं मिल पाती और उन्हें हर हाल में इस ड्यूटी को करना ही पड़ता है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि अक्षम होते हुए भी निर्वाचन कार्य को संपन्न कराना पड़ता है। निर्वाचन ड्यूटी लगने के बाद विशेष परिस्थितियों में कर्मचारी अपनी ड्यूटी हटाने के लिए गुहार भी लगाते हैं, परंतु राहत नहीं मिल पाती, वहीं दूसरी ओर एक स्वस्थ शासकीय शिक्षक जिसकी निर्वाचन ड्यूटी लगाई जाती है,परंतु पत्नी के चुनाव प्रचार में व्यस्त होने के कारण जिला निर्वाचन आयोग एवं स्वयं के विभाग द्वारा खुली छूट और अभय दान दिया जा रहा है। बीमार विकलांग और कई ऐसे कर्मचारी जो आकस्मिक रूप से निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में असमर्थ हो जाते हैं, उन्हें अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। लेकिन नेतागिरी करने वाले शिक्षक को इतनी खुली छूट किसके शह पर दी जा रही है, यह सोचनीय विषय है।

# डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने तृतीय चरण के मतदान दल का जायजा लेने दुरस्थ मतदान केन्द्र पहुंचे

## अंतर्राज्जीय चेकपोस्ट नवाटोला पर जवानों को कड़ी चौकसी बरतने दिए निर्देश

-संवाददाता-
सूरजपुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण का मतदान रविवार, 23 फरवरी होगा, मतदान सम्पन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टी कड़ी सुरक्षा के बीच विकासखण्ड ओड़गी व प्रतापपुर के सभी मतदान केन्द्रों पर पहुंच चुकी है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने आज पूरे दिन दुरस्थ मतदान केन्द्रों का जायजा लिया और मतदान के दौरान सुरक्षा इंतजाम को पुख्ता बनाऐ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्तर्राज्जीय चेक पोस्ट नवाटोला का जायजा लिया और पोस्ट पर तैनात अधिकारी व जवानों को सतर्कता के साथ कड़ी चौकसी बरतने तथा चेकपोस्ट से कोई भी अवैध वस्तु का परिवहन न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने अंतिम चरण के चुनाव को शांतीपूर्ण सम्पन्न कराने बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों की पेट्रोलिंग ड्यूटी लगाया है जिन्हें दोनों विकासखण्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर लगातार पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए है।



# व्यायाम शिक्षकों की उपस्थिति में खेल अभ्यास केंद्र को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री एस जयवर्धन की अध्यक्षता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया था। जिसमें जिले के सभी 6 ब्लॉकों में स्थापित खेल अभ्यास केंद्र के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी ब्लॉक से संबंधित व्यायाम शिक्षकों को आवश्यक चर्चा व दिशा निर्देश हेतु बुलाया गया था। खेल अभ्यास केंद्र हेतु प्रत्येक विकासखंड से तीन-तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। जिसे विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के खेल रुचि के अनुरूप विकसित करना है। बैठक में सभी 18 खेल अभ्यास केन्द्र में खेल से संबंधित संसाधन उपलब्ध करवाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उच्च क्वालिटी की खेल सामग्री व बच्चों की रुचि पर विशेष ध्यान देने की बात कलेक्टर द्वारा कही गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा, खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ल उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में आज विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। नेशनल साइंस डे 2025 का आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर और डिपार्मेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में पदस्थ डॉ. जे.के. राय, साइंटिस्ट ए मैडम द्वारा संपूर्ण दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों विद्यार्थियों का रिटन टेस्ट जिसमें कुल 25 प्रश्न दिए गए थे इस आधार पर शीर्ष 12 विद्यार्थियों का चयन कर तीन-तीन विद्यार्थियों की चार टीम में बनाकर मंच पर प्रश्नोत्तरी आयोजित किए गए। कुल पांच चरणों में प्रश्नोत्तरी में प्रश्न पूछे गए, सभी टीमों ने अपने जवाब दिए, साथ ही दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थियों से भी अनेक प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने बहुत ही रुचि के साथ इसमें भाग लिया, सभी विद्यार्थी लाभान्वित हुए। रिटन टेस्ट में कुल 86 विद्यार्थियों ने भाग लिया।ने विज्ञान के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित करने हेतु पोस्टर बनाया। कुल 56 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को विज्ञान के विकास, प्रचार एवं प्रसार के लिए तैयार होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन, विश्व स्तर पर भारत के युवाओं को विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा (कोऑर्डिनेटर) श्री टी. आर. राहंगडाले द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रतिभा कश्यप,डॉ. रश्मि पांडेय,श्री सी.बी. मिश्र,डॉ. विकेश कुमार झा,डॉ. चंदन कुमार, श्री अनिल चक्रधारी, श्री दीपचंद इक्का,डॉ. सलीम किस्पोट्टा, श्री बुधलाल साहू, डॉ. सुप्रिया तिवारी,दिव्या आदित्य सिन्हा, साधना भगत,प्रांजना साहू एवं पूर्णिमा राजवाड़े द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से रामचंद्रपुर और वाड्रफनगर में होगा मतदान

# त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत तीसरे एवं अंतिम चरण में 2 लाख 44 हजार 370 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग





-संवाददाता-
बलरामपुर,22 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत तीसरे एवं अंतिम चरण की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिसके अंतर्गत रामचन्द्रपुर एवं वाड्रफनगर में 23 फरवरी 2025 को मतदान होना है। मतदान के लिए मतदन दलों को मतदान सामग्री का वितरण क्रमशः शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय वाड्रफनगर से किया गया। तीसरे चरण में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत वाड्रफनगर और रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायतों में 23 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। गौरतलब है कि वाड्रफनगर में 95 और रामचंद्रपुर में 94 पंचायतों में मतदान होना है जिसके लिए क्रमशः 221 एवं 256 मतदान केंद्र कुल 477 मतदान केन्द्र बनाये गए है। जिसके लिए मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें रामचंद्रपुर में 1076 एवं वाड्रफनगर में 932 कुल 2008 मतदान कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पंचायत निर्वाचन अंतर्गत दोनों जनपद क्षेत्र अंतर्गत कुल 2 लाख 44 हजार 370 मतदाता है। जनपद पंचायत क्षेत्र रामचंद्रपुर में मतदाताओं की संख्या 01 लाख 25 हजार 897 है। इसके अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 63 हजार 748 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 62 हजार 142 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 07 है। जनपद पंचायत क्षेत्र वाड्रफनगर में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 18 हजार 473 है। इसके अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 59 हजार 559 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 58 हजार 914 है। ज्ञातव्य है कि जिले में कुल 5 लाख 43 हजार 145 मतदाता हैं। जिसमें कुल 2 लाख 71 हजार 147 पुरुष एवं 2 लाख 71 हजार 990 महिला मतदाता हैं। तथा तृतीय लिंग के 08 मतदाता है। जिसमें से पहले एवं द्वितीय चरण में 2 लाख 98 हजार 775 मतदाताओं ने अपना मत दे चुके हैं।

# आज होगा भारत पाकिस्तान के बीच महासंग्राम

## दुबई में क्या फिर दिखेगा गेंदबाजों का दबदबा या बल्लेबाज होंगे हावी

**दुबई,22 फरवरी 2025।** वर्ल्ड क्रिकेट में इस समय सबसे ज्यादा चर्चा भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई के मैदान पर होने वाले मुकाबले पर देखने को मिल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के इस अहम मैच में दोनों ही टीमें किस प्लेइंग 11 के साथ मैदान पर उतरेंगी उसका फैसला दुबई स्टेडियम की पिच पर काफी कुछ निर्भर करता है। पाकिस्तान की टीम पर इस मुकाबले में दोहरे दबाव के साथ खेलने उतरेगी, जिसमें भारत के खिलाफ मैच का जहां दबाव उनके प्लेयर्स पर रहेगा तो वहीं पहला मैच गंवाने के बाद यदि वह इस मुकाबले में भी हार का सामना करते हैं तो उनके लिए सेमीफाइनल में पहुंचने के दरवाजे लगभग बंद हो जाएंगे। वहीं टीम इंडिया ने अपने पहले मुकाबले को जीतने के साथ टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। अब ऐसे में दोनों ही टीमें रविवार को होने वाले मैच की पिच को ध्यान में रखते हुए अपनी प्लानिंग करेंगी।

### धीमी पिच पर फिर से गेंदबाजों का दिख सकता दबदबा

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच को लेकर बात की जाए तो वहां की धीमी पिच पर फिर से गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिल सकता है। ऐसे में इस पिच पर गेंद थोड़ी पुरानी होने के बाद बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान काम नहीं रहने वाला है। भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला था जिसमें शुरुआती 10 ओवर्स के बाद दोनों ही टीमों की पारी में बल्लेबाजों के लिए रन बनाना थोड़ा मुश्किल हो गया था। दुबई के मैदान पर अब तक 59 वनडे मैच खेले जा चुके हैं जिसमें 22 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जहां जीत हासिल की है तो वहीं 35 बार टारगेट का पीछा करने वाली टीम मुकाबला जीतने में कामयाब रही है। वहीं पहली पारी के औसत स्कोर को लेकर बात की जाए तो वह 215 से 220 रनों के बीच में देखने को मिला है। यहां पर 300 या उससे अधिक का स्कोर बनाना टीमों के लिए बिल्कुल भी आसान काम नहीं रहा है।





### रोहित शर्मा चार छक्के लगाते ही रचेंगे इतिहास,टूटेगा सचिन तेंदुलकर का ये महारिकॉर्ड

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को वर्ल्ड क्रिकेट में हिटमैन के नाम से भी पहचाना जाता है। रोहित जब अपनी बल्लेबाजी के दौरान पूरी लय में होते हैं तो उन्हें रोक पाना किसी भी गेंदबाज के लिए आसान काम नहीं होता है।भारतीय टीम 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रूप-ए में अपना दूसरा मुकाबला पाकिस्तान की टीम के खिलाफ खेलने मैदान पर उतरेगी। इस मैच में सभी की नजरें टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पर भी रहने वाली हैं। रोहित ने पहले ही मैच से अपने फॉर्म में होने का सबूत दे दिया है ऐसे में वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच में बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। रोहित यदि इस मुकाबले में अपनी पारी में चार छक्के लगाने में कामयाब होते हैं तो वह भारत की तरफ से वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

### पाकिस्तान के खिलाफ जमकर बोलता है रोहित का बल्ला

रोहित शर्मा का वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड देखा जाए तो वह काफी शानदार देखने को मिलता है, जिसमें उन्होंने 19 मुकाबलों में खेलते हुए 51.35 के औसत से 873 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 92.38 का देखने को मिला है। वहीं रोहित वनडे में बतौर ओपनिंग बल्लेबाज अपने 9000 पूरे करने के आंकड़े से सिर्फ एक रन दूर हैं और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उनके पास ये आंकड़ा हासिल करने का भी मौका होगा

### मैच के दौरान मौसम पूरी तरह साफ रहने की उम्मीद

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले के दौरान दुबई में मौसम को लेकर बात की जाए तो एक्यूवेदर की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है तो वहीं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इसके अलावा थोड़े बादल तो रहेंगे लेकिन बारिश होने की कोई उम्मीद नहीं है, ऐसे में फैंस मैच का पूरा मजा ले सकते हैं।



## पाकिस्तानी दिग्गज ने रोहित शर्मा की दिल खोलकर की तारीफ

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा वाइट बॉल क्रिकेट में जिस तरह बैटिंग कर रहे हैं और टीम इंडिया को जिस तरह विस्फोटक शुरुआत देते हैं उसने पूरी दुनिया को उनका मुरीद बना लिया है। पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस और पूर्व क्रिकेटर भी रोहित शर्मा की तारीफ करते नहीं थकते हैं । इस मैच से पहले पाकिस्तानी दिग्गज ने रोहित की जमकर तारीफ की है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान तेज गेंदबाज के रुप में शुमार वसीम अकरम ने भारत-पाकिस्तान मैच से पहले रोहित की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा, रोहित शर्मा एक स्पेशल खिलाड़ी हैं और असाधारण हैं. उनकी बैटिंग बेहद सरल और आसान लगती है। वे अपने शॉट बिना किसी परेशानी के खेलते हैं. वो एक क्लास खिलाड़ी है।

# शुभमन गिल को लेकर वर्ल्ड कप विजेता कप्तान की बड़ी भविष्यवाणी

### » बताया क्यों हैं वह स्पेशल खिलाड़ी

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025।** भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का आगाज काफी शानदार तरीके से करते हुए ग्रूप-ए में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 6 विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में टीम इंडिया के उपकप्तान शुभमन गिल का बल्ला जमकर बोलते हुए दिखाई दिया जिसमें उन्होंने 101 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अब उनकी इस पारी को लेकर वनडे वर्ल्ड कप विजेता कप्तान और महान बल्लेबाजों की लिस्ट में शुमार रिकी पोंटिंग ने जमकर तारीफ की है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर शुभमन गिल को लेकर दिए अपने बयान में ये भविष्यवाणी भी करते हुए उन्हें भविष्य में टीम इंडिया का कप्तान भी बताया।





### वह नंबर-1 रैंकिंग बल्लेबाज बनने के पूरे हकदार

रिकी पोंटिंग ने शुभमन गिल को दिए अपने बयान में कहा कि वह अभी वनडे फॉर्मेट में बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर हैं, जिसके वह पूरे हकदार भी हैं। भारतीय टीम के लिए ये अच्छी बात है कि गिल का बल्ला पहले ही मैच से बोल रहा है। वह पिछले कुछ सालों में इंटरनेशनल क्रिकेट में वह लगातार लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने खुद को बड़े मैचों में भी साबित किया है। मुझे लगता है लिमिटेड ओवर्स फॉर्मेट के लिए काफी अच्छा करेंगे क्योंकि उनकी बल्लेबाजी करने का तरीका इस फॉर्मेट के लिए काफी शानदार है। वह कभी गेंद पर बड़ी हिट मारने का प्रयास नहीं करता सिर्फ उसे अपने स्वाभाविक तरीके से खेलने की कोशिश करता है और रन बनाने पर ध्यान देता है।


### भविष्य में टीम इंडिया की कप्तानी करते नजर आएंगे गिल

शुभमन गिल जो अभी उपकप्तानी की जिम्मेदारी को संभाल रहे हैं, उनको लेकर रिकी पोंटिंग ने अपने इस बयान में ये भी साफ कर दिया कि वह भविष्य में भारतीय टीम का नेतृत्व करते हुए भी दिखाई देंगे। पोंटिंग ने कहा कि आईपीएल में वह गुजरात टाइटंस टीम की कप्तानी कर ही रहे हैं, ऐसे में उन्हें नेतृत्व करने का अनुभव हासिल है और टीम इंडिया के अगले कप्तान बनने की रेस में भी वह आगे दिखाई दे रहे हैं। अभी भले ही उनके टेस्ट क्रिकेट में आंकड़े बेहतर नहीं हों लेकिन जल्द ही वह इस फॉर्मेट में भी ऐसा ही प्रदर्शन करेगा।

## वो हर मैच में शतक नहीं लगा सकते

**नई दिल्ली,22 फरवरी 2025।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली लंबे समय से उस तरह रन नहीं बना पा रहे हैं जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। उनकी फॉर्म में निरंतरता का अभाव दिख रहा है। टी 20 विश्व कप 2024 के फाइनल को छोड़ दें तो पूरा टूर्नामेंट उनके लिए बेहद साधारण था। इसके बाद बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में भी उनका प्रदर्शन उनकी क्षमता के मुताबिक नहीं था। ऐसे में कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि उनका समय जा चुका है और वे जल्द संन्यास ले सकते हैं लेकिन दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर की राय इससे बिल्कुल अलग है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने विराट कोहली को लेकर अहम बयान दिया है. एक निजी संस्था के कार्यक्रम में विराट कोहली से जुड़े सवाल पर स्टीव वॉ ने कहा कि, उनकी फॉर्म अहम है। वे लंबे समय से रन नहीं बना पा रहे हैं लेकिन उन्हें समाप्त लिखा जाना या खत्म मान लेना जल्दीबाजी होगी। वे जल्द ही फॉर्म में वापसी करते दिखेंगे। विराट ऑफ स्टंप के बाहर बैट करने की अपनी तकनीक में सुधार लाना होगा और उम्मीद है कि वे ऐसा जल्द करेंगे। स्टीव वॉ ने कहा कि, विराट ने अपने करियर के दौरान अपने लिए बहुत ही ऊंचा मानक स्थापित किया है लेकिन वो हर मैच में शतक नहीं लगा सकते। हमें भी ऐसी उम्मीद उनसे नहीं लगानी चाहिए। वे अपने निराशाजनक फॉर्म विराट एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उनके जैसे महान खिलाड़ी अपनी गलतियों से जल्द सीखते हैं और मजबूत वापसी करते हैं. कोहली भी काफी जोरदार वापसी करेंगे।







## भारत ने आयरलैंड को 3-1 से हराया

**भुवनेश्वर,22 फरवरी 2025।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड को 3-1 से हरा दिया। आठवें मिनट में जेरेमी डंकन ने फील्ड प्रयास से गोल करके आयरलैंड को चौंका दिया। लेकिन भारतीयों ने 22वें मिनट में मंदीप सिंह के माध्यम से फील्ड गोल करके जोरदार वापसी की। इसके बाद जरमनप्रीत सिंह (45वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से एक-एक गोल करके भारत को जीत दिलाई। भारत वर्तमान में पांच मैचों में नौ अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ बेंगलुरु एफसी फिर से पटरी पर लौटी,चौथे स्थान पर पहुंची

**शिलांग,22 फरवरी 2025।** आईएसएल प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बेंगलुरु एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में शिलांग के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 2-0 से हरा दिया। ब्लूज़ अपने खेल में कुशल थे, क्योंकि उनके पास केवल 37.3त्न ही कब्ज़ा था, लेकिन उन्होंने चार शॉट्स में से दो को लक्ष्य पर लगाया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी यकीनन अधिक मेहनती थी, जिसने आगंतुकों के 10 क्रॉस की तुलना में 25 क्रॉस बनाए, लेकिन जेरार्ड ज़ारागोज़ा द्वारा प्रशिक्षित टीम ने अंततः जीत हासिल की, 21 खेलों में 34 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि हाईलैंडर्स 32 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

बेंगलुरू एफसी ने शुरुआत से ही मजबूत गति बनाई, गेंद को पकड़कर और आसानी से हाईलैंडर्स के डिफेंस में सेंध लगाई। उन्होंने गेंद को उठाया, इसे केंद्र से लेकर किनारों तक घुमाया और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी डिफेंस के अंदर जगह बनाई। पूरी फ्रंटलाइन और मिडफील्ड ने तीसरे मिनट में रयान विलियम्स के बॉक्स के केंद्र में उतरने के साथ मिलकर काम किया, अपनी सामान्य भूमिका से हटकर, जहां वह पेनल्टी क्षेत्र के अंदर पार्श्व डिलीवरी करने के लिए बाहर की ओर जाता है। जमशेदपुर एफसी के खिलाफ दो गोल करने वाले अल्बर्टो नोगुएरा ने विलियम्स के लिए एक शानदार पास दिया और बाद में इसे नीचे बाएं कोने में डालकर स्कोरिंग शुरू कर दी।



घरेलू टीम ने 18वें मिनट में अलादीन अजराय के सौजन्य से वापसी की, जिन्हें रेडीम त्लांग ने एक जांच क्रॉस दिया। पेनल्टी बॉक्स के केंद्र में तैनात स्ट्राइकर ने एक जोरदार हेडर बनाया जिसे गोल के उच्च केंद्र में लालथुअम्माविया राल्टे ने बचा लिया। त्लांग ने 31वें मिनट में फाल्गुनी सिंह के लिए पास देकर बेंगलुरु एफसी के अंतिम तीसरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रखा। फाल्गुनी ने बॉक्स के बाहर से अपनी सूझबूझ पर भरोसा किया, लेकिन उनका शॉट गोल के बाईं ओर ऊंचा और चौड़ा हो गया।

# राजेश खन्ना के लिए लिखी गई स्क्रिप्ट,अमिताभ ने की रिजेक्ट, इस फिल्म से चमक गई थी अनिल कपूर की किस्मत, 2 करोड़ में बनी फिल्म ने कमाए 10 करोड़,चीन में भी बंपर कमाई

शेखर कपूर ने 1987 में बोनी कपूर और सुरिंदर कपूर द्वारा निर्मित एक फिल्म का निर्देशन किया था। इस फिल्म को सलीम-जावेद ने लिखा था। यह फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल रही और बॉक्स ऑफिस पर साल की दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई. 2 करोड़ रुपये में बनी फिल्म ने 10 करोड़ रुपए की कमाई की. यह चीन में भी हिट हुई थी. इस फिल्म में लीड एक्टर्स को काफी पसंद किया गया। हम बात कर रहे हैं कल्ट क्लासिक मिस्टर इंडिया की, जिसमें अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीश पुरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था. मोगैम्बो की भूमिका में अमरीश पुरी को खूब वाहवाही मिली और उनका डायलॉग भी काफी पसंद किया गया। इस फिल्म से अनिल को स्टारडम मिला, लेकिन क्या आप जानते हैं कि वह इस भूमिका के लिए पहली पसंद नहीं थे?




### मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर पहली पसंद नहीं थे...

रिपोर्ट्स के मुताबिक मिस्टर इंडिया में लीड रोल के लिए पहले राजेश खन्ना के नाम पर विचार किया गया था। वास्तव में,सलीम-जावेद ने उन्हें ध्यान में रखते हुए स्क्रिप्ट लिखी थी। हालांकि, एक साल बाद उन्हें लगा कि वह इस किरदार के लिए सही नहीं हैं। इसलिए, उन्होंने किसी और से संपर्क करने का फैसला किया। राजेश खन्ना के बाद एक और सुपरस्टार को यह भूमिका ऑफर की गई, लेकिन आखिरकार यह अनिल कपूर को मिल गई। सलीम-जावेद ने स्क्रिप्ट के साथ अमिताभ बच्चन से भी संपर्क किया था।

अमिताभ बच्चन को स्क्रिप्ट पसंद आई,लेकिन वे सुपरहीरो जॉनर को लेकर निश्चित नहीं थे। इसलिए, उन्होंने कथित तौर पर फिल्म को अस्वीकार कर दिया। अमिताभ बच्चन के अस्वीकार करने के बाद स्क्रिप्ट बोनी कपूर के पास गई और उन्होंने हीरो की भूमिका के लिए अपने भाई का नाम सुझाया। अनिल को भी स्क्रिप्ट बढ़िया लगा और वे तुरंत इसे करने के लिए सहमत हो गए।मिस्टर इंडिया एक बड़ी सफलता था। निर्देशक और कलाकारों को इस फिल्म से काफी फायदा हुआ। हिंदी सिनेमा में अपनी दुर्लभ सुपरहीरो शैली के लिए एक मील का पत्थर बन गई, जिसके बाद बाद के वर्षों में कई भारतीय फ़िल्में बनीं। इसे तमिल में एन रथथिन रथमे (1989) और कन्नड़ में जय कर्नाटक (1989) के नाम से बनाया गया।

# बॉलीवुड हसीनाओं पर भारी पड़ी 70 साल की एक्ट्रेस

### लुक देख यूजर्स बोले- स्वर्ग से उतरीं अप्सरा

दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा एक बार फिर से अपने लुक की वजह से लाइमलाइट में आ गई हैं। इस बार उन्होंने अपनी सुंदरता और खूबसूरत लुक से अपने प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। एक्ट्रेस रेखा ने सुनहरी धारियों वाली हरी साड़ी पहन आदर जैन और अलेखा आडवाणी की शादी में एंट्री कर महफिल की शान बढ़ा दी है।



हिंदी सिनेमा की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक रेखा 70 साल की उम्र में भी अपनी खूबसूरती और स्टाइल को लेकर चर्चा में रहती हैं। अपनी दमदार एक्टिंग से हर किसी को दीवाना बनाने वाली रेखा ने फिल्म इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक फिल्में दी है। अपने जमाने की टॉप एक्ट्रेस रहीं रेखा आज भी खूबसूरती के मामले में बॉलीवुड हसीनाओं को मात देती हैं।एक्ट्रेस रेखा अब भले ही पहले की तरह फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव नहीं हैं, लेकिन उनका चार्म आज भी बरकरार है। वह अक्सर अपनी सिल्क की साड़ी की लुक की वजह से चर्चा में रहती हैं। अब रेखा के लेटेस्ट और नए लुक ने लोगों का दिल जीत लिया है।70 साल की रेखा ने आदर जैन और अलेखा आडवाणी की शादी में महफिल लूट ली। सिलसिला फेम रेखा इन तस्वीरों में अलग-अलग तरह के स्टाइलिश पोज देती नजर आ रही हैं। रेखा ने अपने लुक को स्टेटमेंट ज्वेलरी और मैचिंग चूड़ियों से पूरा किया। उन्होंने बोल्ड रेड कलर की लिपस्टिक से अपना लुक पूरा किया है।

21 फरवरी को करीना और करिश्मा कपूर के भाई आदर जैन की शादी थी, जिसमें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस रेखा का लुक देख सभी की निगाहें उन्हीं पर टीक गईं। आदर जैन और अलेखा आडवाणी को आशीर्वाद देने पहुंचीं रेखा की खूबसूरती एक बार फिर सभी पर भारी पड़ गईं। इन तस्वीरों को देखते हुए कोई भी यह नहीं कह सकता कि वे 70 साल की हैं। 70 की उम्र में भी उनका फैशन सेंस काबिले तारीफ माना जाता है। रेखा अपनी इन्हीं अदाओं के कारण आज भी कई लोगों की पसंदीदा बनी हुई हैं। वहीं आदर जैन-अलेखा आडवाणी की शादी में पहुंचीं रेखा की साड़ी पर सभी की नजरें ठहर गईं। रेखा ने यह साड़ी इसके पहले किसी और इवेंट में पहनी थीं और अब उसी को उन्होंने आदर जैन की शादी में पहनारेखा को इस खूबसूरत लुक में देख फैंस ने उनके फैशन सेंस की जमकर तारीफ की है। एक ने कमेंट किया, सबसे आइकॉनिक एक्ट्रेस। दूसरे ने लिखा, इस लुक के आगे सब फीके हैं। वहीं एक यूजर ने लिखा, स्वर्ग से उतरीं अप्सरा लग रही हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### भाजपा ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची



**नगर निगमों में सभापति का करेंगे चयन**

**रायपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** नगर पालिकाओं में सभापति का चयन करने भाजपा ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। बिलासपुर के लिए सांसद संतोष पांडेय, कोरबा के लिए विधायक पुरंदर मिश्रा, रायगढ़ के लिए ललित चंद्राकर,अंबिकापुर के लिए शिवरतन शर्मा, चिरमिरी के लिए गोमती साय,रायपुर के लिए धरमलाल कौशिक, धमतरी के लिए मोतीलाल साहू, दुर्ग के लिए संजय श्रीवास्तव, राजनांदगांव के लिए रूप कुमारी चौधरी और जगदलपुर के लिए नारायण चंदेल को पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।

### जगदलपुर रेलवे स्टेशन का अधिकारी अरेस्ट




**14 लाख की हेराफेरी करने के आरोप**

**जगदलपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** जगदलपुर रेलवे स्टेशन के चीफ बुकिंग सुपरवाइजर केएसके पटनायक पर 14 लाख रुपए गबन का आरोप है। बताया जा रहा है कि रेलवे की ऑडिट में वे 14 लाख रुपए का हिसाब नहीं दे पाए। जिसके बाद विशाखापट्टनम से विजिलेंस की टीम पहुंची और उन्हें पूछताछ के लिए नाइट एक्सप्रेस के माध्यम से अपने साथ विशाखापट्टनम लेकर गई है।

### रायपुर कोर्ट के निर्णय को हाईकोर्ट ने सही माना



**बिलासपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाबालिग से रेप के आरोपी अभिषेक रात्रे की अपील खारिज कर दी। इस मामले में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के फैसलों पर मुहर लगाई और आरोपी पर 20 वर्ष तक कठोर सजा बरकरार रखी।

# कैबिनेट बैठक में प्रमोशन के साथ वेतन बढ़ोत्तरी का तोहफा मिला आईएफएस अफसरों को

**रायपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया, कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 4 में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। पंजीकृत बीज उत्पादन किसानों से क्रय किया जाएगा. केंद्र और राज्य के बीच उत्पादन करने वाले संगठन और एजेंसियों के चयनित संस्थाओं द्वारा न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था से किया जाएगा। साव ने बताया, छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा के पंचम सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया। किसानों के उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया। स्टांप दरों के निर्धारण के लिए संशोधन विधेयक का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा 1992 से 94 बैच के अपर मुख्य वन अधिकारियों को प्रधान मुख्य संरक्षक पद प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।



## कैबिनेट बैठक में लिए गए ये फैसले

➡मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.

➡ मंत्रिपरिषद ने बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया.

➡राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया. इसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा. इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा.

➡छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.

➡छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन किया.

➡खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया.

➡ बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया.

➡ मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया।

# स्कूल में हुए ब्लास्ट के मामले में 4 छात्राएं और 2 छात्र निलंबित

**» ऑनलाइन मंगाई थी विस्फोटक सामग्री, जांच टीम गठित**

**बिलासपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** शहर के सेंट विन्सेंट पल्लोटी स्कूल के सोडियम ब्लास्ट मामले में 6 छात्रों पर एक्शन लिया गया है। स्कूल के चार छात्रा और दो छात्र को निलंबित कर दिया गया है। ये सभी 8वीं कक्षा में पढ़ते हैं। इस मामले में चार प्राचार्यों की जांच समिति गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को स्कूल के वॉशरूम में जोरदार धमाका हुआ था। जिसमें 4 वीं क्लास की छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई थी। जिसका अस्पताल में इलाज जारी है।






**स्कूल के बाहर परिजनों का हंगामा**

शुक्रवार को घटना के बाद से पीड़ित छात्रा के परिजन में भारी आक्रोश है। आज अभिभावकों ने स्कूल के बाहर पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया। स्कूल प्रबंधन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई लेकिन स्कूल प्रिंसिपल और डायरेक्टर परिजनों से मिलने तक नहीं आए।

**जांच समिति हुई गठित**

इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने शहर के अलग-अलग स्कूलों के 4 प्राचार्यों की जांच समिति गठित की है. समिति के सदस्य आज स्कूल पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी लेकर पूरी रिपोर्ट तैयार कर हैं। जांच टीम का कहना है कि जल्द रिपोर्ट तैयार कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी. वहीं सिविल लाइन पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है। फिंगरप्रिंट और एफएसएल एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल की जांच की है। पुलिस ने स्कूल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जब्त किए हैं,जिसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

मामले में स्कूल प्रबंधन ने खुलासा किया है कि विस्फोटक सामग्री ऑनलाइन मंगाई गई थी, जिसे स्कूल के ही आठवीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने टॉयलेट में रखा था. कुछ स्टूडेंट्स की पहचान कर ली गई है,दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# हाथी,घोड़े और ऊंट के साथ निकला राजा कमलचंद भंजदेव का शाही बारात



**जगदलपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** बस्तर राजपरिवार ने एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनते हुए बस्तर स्टेट के राजा कमलचंद भंजदेव के विवाह समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन 107 वर्षों के बाद बस्तर राजमहल परिसर में संपन्न हुआ। कमलचंद भंजदेव का विवाह सतना के नागौद की राजकुमारी भुवनेश्वरी देवी के साथ हुआ है। शुक्रवार की शाम विशेष चार्टर्ड विमान से महाराजा कमलचंद भंजदेव अपनी नवविवाहित महारानी भुवनेश्वरी देवी के साथ जगदलपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से शाही बग्गी में सवार होकर राजमहल तक का सफर तय किया गया, जहां पूरे शहर ने उनका भव्य स्वागत किया। शाही बारात में हाथी, घोड़े, ऊंट शामिल थे,जबकि आदिवासी पारंपरिक नृत्य करते हुए बारात में झूमते नजर आए। इस मौके पर राजमहल में दो सिंहासन भी सजाए गए, जहां देशभर के विभिन्न राजघरानों के अतिथियों के लिए विशेष दावत आयोजित की गई। महाराजा कमलचंद भंजदेव ने जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

# देवेंद्र यादव के खिलाफ फिर एफआईआर दर्ज



**रायपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** जेल से रिहा होने के बाद भी विधायक देवेंद्र यादव की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल, 7 महीने के बाद कल विधायक देवेंद्र यादव जेल से रिहा हुए। देवेंद्र यादव की रिहाई पर नेताओं और समर्थकों ने सेंट्रल जेल के बाहर सड़क पर जश्न मनाना शुरू कर दिया। मामले में विधायक देवेंद्र यादव समेत 13 लोगों के खिलाफ गंज थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत के बाद कल शाम देवेंद्र यादव जेल से रिहा हुए. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सेंट्रल जेल के सड़क पर ही इसका जश्न मनाया था जिससे काफी जाम की स्थिति बन गई थी। इसी मामले को लेकर गंज थाना के ब्नहस की धारा 126(2), 3(5) तलक तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



# कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश में जाने की चेतावनी दी

**रायपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी संघ ने पदोन्नति में आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन करने की घोषणा की है। संघ के अध्यक्ष आर.एल. ध्रुव ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विद्युत कंपनी प्रबंधन पर मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। संघ का कहना है कि पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर विद्युत कंपनी में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण दिया जाना चाहिए। लेकिन, प्रबंधन इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले रहा है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो 10 मार्च को प्रदेशभर में 10,000 से अधिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इसके बावजूद समाधान नहीं हुआ तो 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। संघ ने स्पष्ट किया कि हड़ताल के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

# हाईकोर्ट ने शिक्षिका का अटैचमेंट नियम विरुद्ध बताकर किया निरस्त

**तब क्या शिक्षा विभाग प्रदेश भर में किये गए संलग्नीकरण को करेगा रद्द?**

**रायपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** शिक्षा विभाग भले ही हर वर्ष शिक्षकों के अटैचमेंट को नियम विरुद्ध बताते हुए सभी डीईओ को पत्र जारी कर देता है कि अगर कोई अटैचमेंट किया हो तो उसे तत्काल रद्द करते हुए शिक्षक को मूल शाला में पदस्थ किया जाये। मगर सच तो यह है कि सभी जिलों में साल भर शिक्षकों के अटैचमेंट का खेल चलता रहता है और इसकी आड़ में जमकर रिश्वतखोरी की जाती है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक शिक्षिका की याचिका पर उसके अटैचमेंट को रद्द करते हुए टिप्पणी की है कि यह राज्य शासन के नियमों के विपरीत एवं अवैधानिक है।





# अनिल टुटेजा को जमानत नहीं

**बिलासपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है। टुटेजा पर शराब नीति घोटाले, अवैध कमीशन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगा है. ईडी ने 2024 में पीएमएलए मामले में पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

# आर्य समाज के नाम पर संचालित संस्थानों को हाईकोर्ट ने भेजा नोटिस

**बिलासपुर,22 फरवरी 2025 (ए)।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने आर्य समाज के नाम पर संचालित संस्थानों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के बाद की गई। बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से इस मामले में याचिका दायर की गई है। याचिका में बताया गया कि रजिस्ट्रार, फर्म और सोसायटी ने छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम,



1973 का उल्लंघन करते हुए कई संस्थाओं का पंजीकरण किया है। ये संस्थाएं धन कमाने के उद्देश्य से समाज शब्द का अवैध रूप से इस्तेमाल करते हैं। आर्य समाज के नियमों और सिद्धांतों का इन संस्थानों में पालन नहीं किया जाता है। ना ही हवन, सत्यसंध के कार्यक्रम होते हैं और ना ही गुरुकुल से उपाधि प्राप्त कोई पुरोहित होता है। इस मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। जिसमें हाईकोर्ट ने बिना किसी संबंद्धता के आर्य समाज के नाम का इस्तेमाल कर अवैध रूप से विवाह कराने वाले सस्थानों को नोटिस जारी जवाब तलब किया है।

# बेमेतरा के जनपद पंचायत बेरला और साजा में आज होगा तीसरा चरण का पंचायत निर्वाचन

**बेमेतरा,22 फरवरी 2025 (ए)।** बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत बेरला और साजा में आज 23 फरवरी 2025 रविवार को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण का मतदान होगा। 23 फ़रवरी को सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान होगा। बेरला 148,424 (पुरुष 74,562, महिला 73,817) साजा 148,501 (पुरुष 74,562, महिला 73,939) इस प्रकार बेरला और साजा मे कुल मतदाता 296,925(पुरुष 149,169, महिला 147,756)जो अपने-अपने क्षेत्र के पंच, सरपंच और सदस्य जनपद और जिला पंचायत के लिए मतदान करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से चुनाव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि मतदान प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। दोनों जनपदों में 3210 पुरुष महिला अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। पुरुष मतदान कर्मी बेरला 1020, साजा 1044, कुल 2064 इसी प्रकार महिला मतदान कर्मी बेरला 566, साजा 580, कुल 1146 मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी करेंगे। मतदान वेलेट पेपर से होगा।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)